दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

संघर्ष की बदौलत उप प्रधानमंत्री बने ... पेज- 8

प्राथमिकता के आधार पर हो आमजन ... पेज- 5

■ वर्ष:1 ■ अंक: 17 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ मंगलवार ■ 26 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत की झोली में आए 6 मेडल

नई दिल्ली, एजेंसी

चीन चल रहे 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो गोल्ड समेत 6 मेडलों पर कब्जा किया। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा गोल्ड दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया।

इसके अलावा, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने इंडिविजुअल 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। रोइंग में भी आज भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारत को अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज पदक मिल चुके हैं।

शूटिंग,विमेंस क्रिकेट में गोल्ड, दो ब्रॉन्ज भी मिले; रोइंग में दो ब्रॉन्ज जीते

सबसे पहले 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने शूटिंग टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड जीता है। 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 पॉइंट स्कोर किए। कोरिया गणराज्य 1890.1 स्कोर के साथ दूसरे और चीन 1888.2 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहा। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में रुद्रांश पाटिल चौथे नंबर पर रहे और मेडल जीतने से चूक गए। इस इवेंट में

चीन को गोल्ड और साउथ कोरिया को सिल्वर मेडल मिला। फिर 25 मीटर एयर पिस्टल रैफिड फायर इवेंट में आदर्श सिंह, अनीश सिधु और विजयवीर की तिके ी ने 1718 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस इवेंट में चीन ने गोल्ड और साउथ कोरिया ने सिल्वर जीता। रोइंग में आज दो ब्रॉन्ज मेडल मिले। मेंस पेयर-4 फाइनल में जसविंदर, भीम, पुनित और आशीष ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। इसके अलावा, मेंस क्वाड्रपल स्कल्स इवेंट में सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान, सुखमीत सिंह ने देश के लिए मेडल लेकर आए। इस तरह रोइंग में देश को एक सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मेडल मिल चुके हैं।

हरियाणा के यमुनानगर का है परमिंद्र सिंह

चीन में आयोजित 19 वीं एशियन गेम्स में क्वाड्रल स्कल में कांस्य पदक हासिल करने वाला परमिंद्र सिंह यमुनानगर के गांव शाहपुर का है। उसके कांस्य पदक जीतने की खबर मिलते ही दादा अमरीक सिंह के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। उन्होंने कहा कि सुबह आठ बजे टीवी के सामने अपने पोते की एशियन गेम्स की प्रतियोगिता को देखने के लिए बैठ गए थे। लगभग पौने नौ बजे जैसे ही परमिन्द्र सिंह की टीम ने दो किलोमीटर की दूरी को पार करके कांस्य पदक हासिल किया। पूरे घर में खुशी व उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने बताया कि परमिंद्र का पिता इंद्रपाल सिंह उसे रोइंग का प्रशिक्षण दे रहा है। रोइंग के डबल स्कल में परमिंद्र सिंह के साथ पंजाब के बठिंडा का सतनाम सिंह भाग लेगा। क्वाड्रल स्कल में परमिंद्र सिंह के साथ पंजाब के मानसा के सतनाम सिंह, राजस्थान के भरतपुर का जाकिर खान, पंजाब के मानसा का सुखमीत सिंह फाइनल में अपना दमखम दिखाएंगा। परमिंद्र सिंह की बचपन से ही खेलों में रुचि रही है। लॉकडाउन के दौरान घर पर भी छुट्टियों में सुबह व शाम दो से तीन घंटे का शारीरिक अभ्यास करता था।

बाल-बाल बचे बबली

सिरसा : जेजेपी की राजस्थान में आयोजित रैली मे भाग लेकर सिरसा लौट रहे हरियाणा के पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली बाल-बाल बच गए। उनकी कार का टायर अचानक फट गया था, लेकिन ड्राइवर ने सूझबूझ से संतुलन बनाकर हादसे को टाल दिया। इसके लिए उनके समर्थकों ने ड्राइवर की सराहना की है।

सड़क हादसे में चार की मौत, 11 घायल

पलवल: पलवल-सोहना मार्ग पर रविवार रात को ऑटो और कार की भीषण टक्कर हो गई। इसमें 4 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं 4 साल के बच्चे समेत 11 घायल हो गए। सभी मृतक और घायल नूंह जिले के रहने वाले थे। ऑटो में सवार महिला-पुरुष जिला पलवल के चिरवाड़ी गांव में रिश्तेदारी में महिला की मौत पर शोक व्यक्त कर वापस अपने गांव लौट रहे थे।

अन्नाद्रमुक ने भाजपा-एनडीए से खत्म किया रिश्ता

चेन्नई: तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया।

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हुक्का बैन

साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले पुलिस कर्मियों को 5 दिन की छुट्टी सहित, डीजीपी से मिलेगा सीसी-1 प्रशस्ति पत्र

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मनोहर लाल ने राज्य भर में होटल, रेस्तरां, बार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को 'हुक्का' परोसने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। हालांकि, यह रोक ग्रामीण इलाकों में इस्तेमाल होने वाले परंपरागत हुक्के पर लागू नहीं होगी। वह आज दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत राज्यस्तरीय 'साइक्लोथॉन' - साइकिल रैली के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साइक्लोथॉन के दौरान 25 दिनों तक अथक प्रयास करने वाले पुलिस कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की कि सभी 250 प्रतिभागी कर्मियों को डीजीपी हरियाणा से क्लास-1 प्रशस्ति प्रमाण पत्र मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इन समर्पित पुलिस कर्मियों के लिए पांच दिन की छुट्टी की भी घोषणा की।

साइकिल चलन को बढ़ावा देने और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए मनोहर लाल ने यह भी घोषणा की कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और व्यक्तियों को आवास सुविधाएं प्रदान करने वाला कोई

आवास सुविधा प्रदान करने वाले एचएसवीपी या बिल्डर संपत्ति के मालिक को संपत्ति के साथ भेंट करेंगे एक साइकिल

भी लाइसेंस प्राप्त बिल्डर संपत्ति रजिस्ट्री के साथ संपत्ति के मालिक को एक साइकिल उपहार में देगा। ऐसे मामलों में जहां लाभार्थी के पास पहले से ही साइकिल है, एचएसवीपी या बिल्डर साइकिल के बदले में 3000 रुपये देगा। सीएम ने कहा कि उन्होंने 1 सितंबर, 2023 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाई थी और आज, साइकिल रैली वहीं समाप्त हो गई जहां से यह शुरू हुई थी। उन्होंने भाग लेने वाले युवाओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया और नशीली दवाओं की लत से निपटने के उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि साइक्लोथॉन, जिसने अपनी यात्रा के दौरान लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी तय की है, नशीली दवाओं की लत के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भले ही साइक्लोथॉन का समापन हो गया हो, नशीली दवाओं की लत के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, और इस सामाजिक बुराई को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता के प्रयास कम से कम एक साल तक जारी रहने चाहिए। उन्होंने 5 मई को शुरू की गई राज्य कार्य योजना पर प्रकाश डाला, जिसमें तीन घटक शामिल हैं: एक जन जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति और पुनर्वास तथा नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवा ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें मानसिक और शारीरिक कल्याण को बे ावा देने के लिए खेल संस्कृति पर विशेष जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सबसे अपील की कि वे नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाएं और 9050891508 डायल करके पुलिस को नशीली दवाओं की बिक्री, खरीद और उपभोग के बारे में सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, सांसद संजय भाटिया, विधायक रामकुमार कश्यप, हरविंदर कल्याण, धर्मपाल गोंदर और अन्य भी उपस्थित थे।

घमंडिया गठबंधन खुद जड़ से उखड़ जाएगा : मोदी

भोपाल, एजेंसी ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन के सदस्य सनातन धर्म को उखाड़ने के लिए कहते हैं जबकि आने वाले समय में यह बठबंधन खुद ही जड़ से उखड़ जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन, महिला आरक्षण जैसे तमाम मुद्दों पर अपनी बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से भाजपा के वर्षों से चले आ रहे जुड़ाव चला आ रहा है। मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। भाजपा के साथ देश के इस दिल का जुड़ाव कुछ विशेष ही रहा है। जनसंघ के जमाने से आज तक भाजपा को एमपी के लोगों ने हमेशा भरपूर आशीर्वाद दिया है। पीएम ने कहा कि कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार को लगभग 20 साल पूरे हो गए हैं, यानी जो युवा इस बार के चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा की सरकार को ही देखा है। ये युवा सौभाग्यशाली हैं कि इन्होंने एमपी में कांग्रेस का वो बुरा शासन, वो बुराइयां नहीं देखी हैं। एमपी में कांग्रेस के शासन की पहचान थी कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। आजादी के बाद मध्य प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा लेकिन कांग्रेस ने साधन संपन्न मध्य प्रदेश को बीमारू बना दिया। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं ने कांग्रेस के जमाने की खराब कानून व्यवस्था, खस्ताहाल सड़कें, अंधेरे में जीने को मजबूर गांव और गरीब नहीं देखा। अपने हर कार्यकाल में भाजपा ने मध्य प्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाने का कार्य किया है, यहां के युवाओं ने भाजपा का सुशासन ही देखा है। आने वाला चुनाव बहुत अहम है, हमें ध्यान रखना है कि विकास का जो रास्ता एमपी के लोगों ने बनाया है।

जयपुर में फूंका चुनावी बिगुल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजस्थान के दौरा भी किया। उन्होंने राजधानी जयपुर के पास एक गांव में आयोजित परिवर्तन संकल्प महासभा में कहा कि वह हवा-हवाई बातें नहीं करते, क्योंकि उनके पांव पूरी मजबूती से जमीन पर ही रहते हैं। इसलिए बीते 9 वर्षों में हमने सामान्य से सामान्य लोगों की छोटी से छोटी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम चला रहे हैं, राजस्थान इसका बड़ा लाभार्थी है। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों में कांग्रेस ने सुविधाओं का निर्माण नहीं किया। कांग्रेस ने कहा था कि सीमाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बनना चाहिए, इससे दुश्मन को अंदर आने में आसानी हो जाएगी। कांग्रेस की इस नीति का हमें बड़ा नुकसान हुआ है। लेकिन भाजपा सरकार अब सीमावर्ती गांवों का विकास कर रही है। बता दें कि अगले कुछ महीनों में प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को प्रदेश चुनावों से जोड़कर भी देख जा रहा है। यह कहना सटीक होगा कि पीएम ने राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

एचसीएस के मेन एग्जाम का रिजल्ट जारी

लिस्ट में 61 कैंडिडेट्स, 9 अक्टूबर को इंटरव्यू

वाइवा और वॉयस टेस्ट भी लिया जाएगा

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने हरियाणा सिविल सर्विसेज के मेन एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया है। अब 9 अक्टूबर को इंटरव्यू और वाइवा होगा। इसके साथ ही वॉयस का भी टेस्ट होगा। एचपीएससी ने इस साल अगस्त में एग्जाम का आयोजन किया था।बता दें कि एचसीएस कार्यकारी शाखा और संबद्ध सेवाओं के 100 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जबकि मुख्य परीक्षा पास करने वाले 61 अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए चयनित किए गए हैं। चयनित युवाओं को नौ अक्टूबर से साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। एचसीएस कार्यकारी शाखा और संबद्ध सेवाओं के पदों पर भर्ती के लिए 21 मई को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें सफल रहे अभ्यर्थियों के लिए 12 और 13 अगस्त को मुख्य परीक्षा आयोजित की गई।

सबको अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने का हक : हुड्डा

बोले, उदयभान ने अपने बयान पर जवाब दे दिया

भरोसा मित्र

रोहतक।हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इनेलो के इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर कहा कि उन्होंने न तो किसी का विरोध किया है और न ही समर्थन। फिलहाल उनसे किसी ने इसके बारे में नहीं पूछा है, अगर कोई पूछेगा तो जवाब देंगे। इनेलो अपनी राजनीतिक धरती तलाश रही है। सबको अधिकार है अपनी खोई हुई राजनीतिक धरती को तलाश करने का। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल पर दिए बयान पर किनारा करते नजर आए। उन्होंने कहा कि

उदयभान ने उसका जवाब दे दिया है। कोई भी भाषा हो वह शोभनीय होनी चाहिए। नूंह हिंसा पर हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसे सोची-समझी साजिश बताया था, लेकिन उन्होंने नूंह हिंसा की जांच करने की बात कही थी। सरकार जांच के लिए तैयार नहीं है। शायद सरकार उस साजिश में शामिल थी।

सीकर में जेजेपी ने मनाई चौधरी देवीलाल की जयंती

किसान का बेटा होगा राजस्थान का अगला सीएम : दुष्यंत

भरोसा मित्र

सीकर। हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के दरवाजे का ताला भी जेजेपी की चाबी से खुलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री किसान का बेटा होगा। उन्होंने मंच से कांग्रेस पर जम कर प्रहार किए। कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को लूटा-पिटा है और राजस्थान के युवाओं के साथ खिलवाड़ किया। नौकरियों के लिए जाने वाले अनेकों पेपर लीक हुए हैं। वह आज वह सीकर के खेल मैदान में किसान विजय सम्मान दिवस के रूप में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि राजस्थान में जेजेपी के सत्ता में आने पर राजस्थान के युवा सेना में केवल सिपाही ही भर्ती नहीं होंगे बल्कि यहां के युवा सेना में आफिसर बनेंगे, इसके लिए प्रदेश में आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी स्थापित की जाएगी। हरियाणा की तर्ज पर राजस्थान में सिविल एविशन हब के रूप में विकसित किए जाएंगे जहां हजारों युवा ओं को रोजगार मिलेंगे। सरकारी स्कूलों के नाम शहदों के नाम पर रखे जाएंगे। दुष्यंत ने कहा कि ओलम्पिक में मेडल जीतने वालों को 6 करोड़, 4 करोड़ और 2 करोड़ रुपये के नकद इनाम दिए जाएंगे। राजस्थान की सत्ता में जेजेपी के आने पर राजस्थान के हर गांव में डिजीटल लाईब्रेरी स्थापित होगी वहीं युवाओं को रोजगार मेरा अधिकार कानून लागू कि या जाएगा। मंच संचालन पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने किया।

प्रदेश में निजी क्षेत्र मे लागू करेंगे 75 प्रतिशत आरक्षण : अजय चौटाला

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सीकर उनके दादा स्व. देवीलाल की कर्मभूमि रही है वहीं राजस्थान की जनता ने उन्हें दातारामगढ़ और नोहर से चुनाव जीता कर दो बार विधानसभा में भेजा है। मैं इसके लिए ताउम्र राजस्थान की जनता सम्मानीय जनता का आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तर्ज पर रास्थान के युवाओं को भी निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे।

इनैलो की कैथल रैली ने तोड़े सारे रिकार्ड, उमड़ी लाखों की भीड़

अभय को मजबूत करो, ये गलती करेगा तो मैं इसके कान खींचूंगा : ओपी चौटाला

भरोसा मित्र

कैथल। इंडियन नैशनल लोकदल के सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने यहां आयोजित रैली में जनता कहा कि मैं अभय सिंह को तुम्हें सौंपता हूं। इसके हाथ मजबूत करो और कामयाब बनाओ। मेरा आशीर्वाद हमेशा इसके साथ है और रहेगा। अगर यह कोई गलती करेगा तो मैं इसके कान खींच दूंगा। यहां अनाजमंडी में चौ. देवीलाल की 110वीं जयंती पर आयोजित 'सम्मान दिवस' रैली में जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल, जनता दल यूनाइटेड के महासचिव एवं इंडिया गठबंधन के रिसर्च कमेटी के सदस्य के.सी. त्यागी, तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा के सदस्य डेरेक ओ. ब्रायन, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह, एन.सी.पी. नेता साहिल सिद्धकी, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के संयोजक शेर सिंह राणा, शिरोमणि अकाली दल के नेता बलविंद्र सिंह भूंदड़, प्रेम सिंह चंदुमाजरा सहित अनेक नेताओं ने शिरकत की। पूर्व मुख्यमंत्री चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने कहा कि 'मैं गांव का आदमी हूं, खेत से जुड़ा हुआ हूं, सभी के गम और खुशी में शरीक होता हूं और गांव-गांव घुमना मेरी आदत रही है।' चौ. देवीलाल ने लोगों की मूलभूत जरूरतें पूरी करने के लिए योजनाएं लागू की और जो सरकार लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दे सकती है, उसे सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है।

हरियाणा निभाएगा परिवर्तन में अहम भूमिका : अभय चौटाला

इनैलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौ. अभय सिंह चौटाला ने सम्मान दिवस रैली में पहुंचे लाखों लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौ. देवीलाल ने 'लोकराज लोकलाज से चलता है' नारा दिया और आज स्थिति यह है कि मौजूदा सरकार का न तो लोकराज में भरोसा है और ही लोकलाज में। उन्होंने कहा कि आज की भीड़ और परिवर्तन पदयात्रा ने मोहर लगा दी है कि हरियाणा एक बार फिर से परिवर्तन की भूमिका निभाएगा। प्रदेश में हम भाजपा-जजपा सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे तो मिलकर भाजपा को केंद्र की सियासत से उखाड़ फैंकेंगे।

चौ. बीरेंद्र सिंह भी पहुंचे रैली में

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा के अंदर अगर एक नया दौर लाना है तो हमें चौ. देवीलाल के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। चौ. देवीलाल ने किसानों के हित में एक लंबा संघर्ष किया और किसानों को एकता का पाठ पढ़ाया। किसानों की लड़ाई को लड़ना है तो हमें एक होकर लड़ना होगा, अलग-अलग नहीं लड़ा जा सकता है।

देश में नफरत फैलाई जा रही : फारुख अब्दुल्ला

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज देश में नफरत फैलाई जा रही है। हिंदू से मुसलमान को और मुसलमान को हिंदू से कोई खतरा नहीं है। इसके पीछे नफरत की सियासत है। उन्होंने कहा इसलिए हमें नाइंसाफी के लिए एकजुट होना होगा। केंद्र सरकार तीन कृषि कानून लाई। 700 से अधिक किसान शहीद हो गए। किसानों की एकता के आगे आखिरकार हुकूमत को झुकना पड़ा।

देश को ठीक करने के लिए ताऊ का एक लट्ठ काफी होता था: सिद्धकी

इस दौरान एन.सी.पी. नेता साहिल सिद्धकी ने कहा कि एक वक्त था जब देश को ठीक करने के लिए ताऊ का एक लट्ठ काफी होता था। अगर चौ. देवीलाल होते तो किसानों को अन्याय सहन न करना पड़ता। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के संयोजक शेर सिंह राणा ने कहा कि चौ. अभय सिंह चौटाला पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

आज एकता का मंच सजा

भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण ने कहा कि आज कैथल रैली में एक युगपुरुष की जयंती पर एकता का मंच सजा है।

तृणमुल इनैलो के साथ

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ. ब्रायन ने कहा कि पश्चिमी बंगाल से उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक विशेष संदेश देते हुए इस खास रैली में भेजा है। उन्होंने ममता बनर्जी के हवाले से कहा कि तृणमुल कांग्रेस पूरी तरह से इनैलो के साथ है।

जजपा नेताओं ने किसान विजय सम्मान दिवस रैली में शक्ति का किया जमकर प्रदर्शन

दावा किया : यह रैली प्रदेश के इतिहास में एक नया आयाम स्थापित करेगी

राजस्थान प्रदेश में चल रही जजपा की जबरदस्त लहर : विनेश गुर्जर

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोमवार को जजपा नेताओं ने राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में अपनी ताकत का बखूबी जमकर प्रदर्शन किया। बता दें कि गांव तिगरा के जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाप्रधान व जजपा कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सतबीर तंवर एडवोकेट, इनसो के राष्ट्रीय महासचिव मोहित तंवर एडवोकेट, सोहना के गांव रिठौज के जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे रोहताश खटाना रिठौजिया, जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन शैलेश खटाना, गांव हिलालपुर के पंडित योगेश शर्मा हिलालपुरिया, गांव अलीपुर के चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया आदि नेता अपनी अगुवाई में सोहना हलका से हजारों लोगों को लंबे काफिले के साथ ताऊ देवीलाल अमर रहे, चौधरी अजय चौटाला जिंदाबाद, दुष्यंत चौटाला जिंदाबाद, जैसे नारे लगाते हुए राजस्थान के आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली के लिए कूच किया।

इससे पहले मौजूद लोगों के बीच मुख्य वक्ता जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, बार एसोसिएशन के पूर्व जिलाप्रधान व जजपा कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सतबीर तंवर एडवोकेट, इनसो के राष्ट्रीय महासचिव मोहित तंवर एडवोकेट, सोहना के गांव रिठौज के वाले जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे रोहताश खटाना रिठौजिया, जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी आदि नेताओं ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को युवा तुर्क और हर दिल अजीज बताया ।

उन्होंने दावा किया कि राजस्थान के सीकर में आयोजित होने वाली रैली प्रदेश के इतिहास में एक नया आयाम स्थापित करेगी और अब तक हुई सभी पार्टियों की रैली के मुकाबले सबसे बड़ी व ऐतिहासिक रैली साबित होगी। गांव रिठौज में रहने वाले जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता तथा विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहे रोहताश खटाना रिठौजिया अपने नेतृत्व में युवाओं का एक लंबा काफिला लेकर ढोल-नगाड़ों के साथ यहां से राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली के लिए कूच किया।

चौधरी रोहताश रिठौजिया, युवा जजपा नेता श्योराज खटाना रिठौजिया अपने लाव-लश्कर में शामिल लोगों को पूड़ी, सब्जी, हलवा खिलवाने के बाद राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में सम्मिलित होने के लिए चले। रैली में अपने साथियों के साथ कूच करने से पहले उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में चौधरी रोहताश रिठौजिया, युवा जजपा नेता श्योराज खटाना ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

इस मौके पर गांव घाटाअमीरपुर में रैली में कूच करने से पहले जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने दावा किया कि आज हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश में जजपा की जबरदस्त लहर चल रही है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला झूठे वायदे करने की बजाय काम करके दिखाने में भरोसा रखते है।

जजपा के जुझारू नेता तथा जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने दावा जताया कि राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली को लेकर क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवाओं में भारी उत्साह का माहौल है और वह स्वयं हजारों लोगों को अपने साथ रैली में ले जा रहे है।

इसके अलावा जजपा युवा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया, ग्रामपंचायत अलीपुर की महिला सरपंच श्रीमती पूनम डागर, जजपा युवा के पूर्व हलका अध्यक्ष नगेन्द्र डागर रायपुरिया, बेगराज एडवोकेट, सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन रहे शैलेश खटाना और जजपा नेता मोहन सिंह सैनी भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में शामिल होने गए।

रैली में कूच करने से पहले जजपा युवा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक डागर अलीपुरिया तथा ग्रामपंचायत अलीपुर की महिला सरपंच पूनम डागर ने कहा कि यह झूठ और सच, न्याय और अन्याय के बीच की लड़ाई है। आज वक्त आ गया है कि जननायक स्व. चौधरी देवीलाल की नीतियों को ईमानदारी से लागू करने के लिए उनकी विचारधारा के लोगों को इकटठा कर हरियाणा व राजस्थान प्रदेश को एक नई दिशा देने का काम किया जाए और दुष्यंत चौटाला के हाथ पूरी तरह मजबूत किए जाए ताकि उपमुख्यमंत्री अपने दादा जननायक स्व.चौधरी देवीलाल के नक्शे कदम पर चलकर उनकी नीतियों को लागू करने का काम करे।

उन्होंने कहा कि आज भी प्रदेश की जनता ताऊ देवीलाल के किए गए कार्यों को याद करती है। पूरे देश में पहली बार वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना अपने मुख्यमंत्री काल में जननायक चौधरी देवीलाल ने ही यह झूठ और सच, न्याय और अन्याय के बीच की लड़ाई लागू की थी और हरियाणा के अत्यंत निर्धन तबके के लोगों व किसानों का कर्जा माफ कर देश को नई दिशा देने का काम किया था।

जजपा की इसे झूठ और सच, न्याय और अन्याय के बीच की लड़ाई बताया

उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल के मुख्यमंत्री काल में लोगों को 24 घंटे बिजली-पानी मिलता था तो बुजुर्गों को घर बैठे पोस्टमैन बुढ़ापा सम्मान पेंशन देकर जाता था। ऐसे में प्रदेश के लोगों की निगाहे जजपा की तरफ लग गई है। जजपा से जुड़े मनोज बंधवाड़ी, पंडित योगेश हिलालपुरिया ने दावा किया कि राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली को लेकर सोहना विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास लगते मेवात, अहीरवाल और साइबर सिटी के लोगों में भी जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिला है। लोग अपने-अपने साधनों से राजस्थान के सीकर में आयोजित किसान विजय सम्मान दिवस रैली में शामिल होने चले है।

खबर फटाफट

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव गरीबों के लिए लड़ी लड़ाई : शर्मा

सोहना : स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने सोमवार को यहां पर गांव खेडला स्थित अपने कार्यालय में पंडित दीनदयाल जयंती पर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने पंडित दीनदयाल को राष्ट्रवादी चिंतक, कुशल संगठनकर्ता बताया और कहा कि उन्होने सदैव गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी। पंडित दीनदयाल अखिल भारतीय जनसंघ के विभिन्न दायित्व का एकात्म मानववाद की प्रेरणा के साथ निर्वाहन किया तथा देश सेवा में अपने प्राण त्याग दिए। खेड़लिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए बिताया और गांव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित व वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव कार्य करते रहे। आज जरूरत इस बात की है कि हम सभी उनके दिखाए रास्ते पर चले और समाज में अमीर-गरीब के बीच की खाई को पाटते हुए अनेकता में एकता की भावना को प्रदर्शित करे।पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि गरीब से गरीब तक विकास की रोशनी पहुंचे। आज मोदी सरकार उन्ही के दिखाए पदचिन्हों पर चलते हुए गरीबों के विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर गरीब उत्थान में लगी है।

पंडित जी ने राष्ट्रहित को रखा सर्वोपरि : संजय सिंह

सोहना : राजोरिया कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के बीच मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक नरेश सैनी एडवोकेट के अनुसार इस मौके पर मुख्य वक्ता रूप में भाजपा विधायक संजय सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को देश और समाज को नई दिशा देने वाला महायोगी बतलाते हुए कहा कि राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखने वाले ऐसे महापुरुष समाज में मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके ओजस्वी जीवन से प्रेरणा ले उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया है। इस अवसर पर युवा अग्रवाल नेता पुलकित गुप्ता, भानु चौधरी, भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र राणा, विष्णु अग्रवाल, खेलस्टेडियम कमेटी मैंबर अनिल जैन, स्थानीय विधायक के निजी सचिव कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, डाक्टर भारत सैनी, रूपचंद सैनी, सोहना अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, चौधरी सुखराम डाडोलिया, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर धर्मबीर डागर, पूर्व नगरपार्षद जगदेव यादव उर्फ जेडी, संजीव गुप्ता सर्राफ, रोहित गर्ग, शिवकुमार अग्रवाल, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, शिवकुंड प्रबंधन कमेटी प्रधान अनुराग राणा, राजेश राघव, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मुकेश सैनी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, सोहना पंचायत समिति के पूर्व उपचेयरमैन राजेश राघव, मोनू राघव अभयपुर, गुलाब सिंह हिरमथला, दीपक गौड आदि मौजूद रहे।

बेमौसमी बरसात से फसलों को भारी नुकसान : राकेश शर्मा

सोहना : गांव सांचौली में रहने वाले किसान नेता राकेश शर्मा सांचौलिया ने बेमौसमी बरसात में खेतों में खड़ी बाजरे की फसल खराब होने पर सरकार से मांग की है कि खराब हुई फसल के आंकलन के लिए विशेष गिरदावरी जल्द शुरू कराकर प्रभावित किसानों को एक पखवाड़े के भीतर हुए नुकसान की एवज में मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। शर्मा सांचौलिया ने कहा कि बेमौसमी बारिश से सोहना और आसपास क्षेत्र में हजारों एकड़ से भी अधिक भूमि में खड़ी बाजरे की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। एक तरफ तो प्रदेश का किसान मंडियों में फसल की एमएसपी दामों पर सरकारी खरीद शुरू ना होने की वजह से प्रभावित हो रहा है क्योंकि सरकार किसानों की फसल मंडी में लाए जाने के बावजूद एमएसपी दामों पर खरीद नहीं कर रही है और दूसरी तरफ बेमौसमी और तबाही लाने वाली बारिश ने प्रदेश के किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। उन्होने मुख्यमंत्री मनोहरलाल से तुरंत मांग की है कि प्रदेश में बेमौसमी बरसात से प्रभावित इलाकों में जहां-जहां भी किसानों की फसल बर्बाद हुई है, वहां पर खराब हुई फसल के आंकलन के लिए विशेष गिरदावरी जल्द शुरू कराकर प्रभावित किसानों को एक पखवाड़े के भीतर हुए नुकसान की एवज में मुआवजा उपलब्ध कराए।

दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास से मनाई

सोहना : गांव खेड़ाखलीलपुर स्थित ग्रीन फ्लावर सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के बीच मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक ललित डागर ने बताया कि इस मौके पर मुख्य वक्ता रूप में ग्रीवेंसिग कमेटी मैंबर व शिक्षाविद मास्टर गंगादान डागर ने कहा कि राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखने वाले ऐसे महापुरुष समाज में मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके ओजस्वी जीवन से प्रेरणा ले उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया। इस मौके पर विनोद मास्टर, प्रीतम सिंह, पवन सैनी, युवा नेता कर्मबीर खटाना आदि प्रमुख लोगों ने अपने विचार रखे।

धार्मिक आयोजन का आमंत्रण दिया जितेन्द्र मित्तल ने

सोहना : कल यानि मंगलवार को स्थानीय प्राचीन हनुमान बगीची मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे आयोजन में व्यापारियों को आमंत्रण देने के लिए किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तल उर्फ सोनू मित्तल की अगुवाई में व्यापारियों ने सोमवार को यहां पर बाजार में व्यापारियों को आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को स्थानीय प्राचीन हनुमान बगीची मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक तथा किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान जितेन्द्र मित्तलने बताया कि समाजसेवी लाला भगवतप्रसाद मित्तल के सानिध्य में 26 सितंबर को मंदिर प्रांगण में सुबह हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। तत्पश्चात पूर्णाहुति आरती के बाद विशाल भंडारा चलेगा।

आर्यसमाज के सिद्धांतों ने दी समाज को नई दिशा: संजय आर्य

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। आर्यसमाज द्वारा आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती और आर्यसमाज की नीतियों का दिन-रात प्रचार-प्रसार करने वाले प्रमुख समाजसेवी संजय आर्य को स्थानीय अनाजमंडी स्थित श्री अग्रवाल भवन में आयोजित हुए वेदप्रचार सप्ताह और श्रीराम कथा आयोजन स्थल पर आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वयोवृद्ध समाजसेवी भोलाराम आर्य, नरेश खुराना, सोहनपाल राघव, ओमप्रकाश मुनीम, महेश आर्य, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, लाला भजनलाल सूंधिया, नगरपार्षद प्रतिनिधि रूपचंद सैनी आदि प्रमुखजनों समेत आर्यसमाज के कार्यकर्ता व पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। संजय आर्य ने स्वामी दयानंद को जात-पात और छुआछूत का घोर विरोधी, दबे-कुचले वर्गों का समर्थक, महिलाओं का हितैषी और दीन-दुखियों का हिमायती बतलाते हुए कहा कि स्वामी दयानंद ने आर्यसमाज की नींव रखकर समाज को एक नई दिशा दी थी।

उन्होंने कहा कि आर्यसमाज की बनाई गई नीतियां छत्तीस बिरादरी और सर्वजातीय समाज के लिए फायदेमंद और हितैषी है। आज के युग में आर्यसमाज की नीतियां समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभा रही है। इसलिए हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य और फर्ज बनता है कि हम सभी व्यक्ति अपने निजी स्वार्थों और व्यक्तिगत द्वेष भावना को त्यागकर आर्यसमाज के दिखाए रास्ते पर चल अपने परिवार, समाज, क्षेत्र और राष्ट्र के उत्थान में अहम भूमिका निभाए। इससे पूर्व कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वामी दयानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर मौजूद आर्यजनों ने स्वामी दयानंद जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने व उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी सामूहिक रूप से लिया है।

बिना ढाल और लेबल के बनाई गई गलियों और रास्तों में भरा बरसाती पानी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहनाः स्थानीय नगरपरिषद के तहत लगने वाले विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराने के नाम पर जो गली और रास्ते पक्के किए गए अथवा पुनर्निर्माण किया गया। समस्या यह है कि उन्हें बनाते वक्त रास्तों का लेबल ना लेने और बिना ढाल के रास्ते, गलियां, सड़कें बनाए जाने का खामियाजा आज वहां रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

बरसाती पानी जगह-जगह इन गलियों, रास्तों और सड़कों पर भरकर खड़ा हो गया है। जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें आ रही है। सबसे ज्यादा परेशानियां बुजुर्गों, रोगियों और छोटे बच्चों को झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि नगरपरिषद में विकास कार्यों के नाम पर ठेका लेने वाले ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम कर भुगतान लेकर चले गए। ठेकेदार की बरती गई लापरवाही का खामियाजा उन्हे भुगतना पड़ रहा है।

लोगों ने मांग की है कि मुख्यमंत्री उडनदस्ते और विजिलेंस को चाहिए कि शिवनगरी सोहना के प्रत्येक वार्ड में गलियों, रास्तों, सड़कों का मौका-मुआयना करे।

उन्होंने कहा कि जहां भी बरसाती पानी भरा मिले, वहां काम करने वाले ठेकेदार की कुंडली खंगालकर उसे भविष्य में काम देने की बजाय ब्लैकलिस्ट कर किए गए काम में बरती गई खामी की एवज में हुए नुकसान की वसूली कर उसके खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया जाए।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और मुख्यमंत्री ने मांग की है कि भविष्य में जो भी विकास कार्य हो, उनमें सर्वप्रथम लेबल व ढाल लेकर ही निर्माण कार्य करवाने को तरजीह दी जाए।

भारतीय वैदिक संस्कृति में यज्ञ का सर्वोत्तम महत्व : विजय अग्रवाल

चिंता जताई : आधुनिक सभ्यता के प्रभाव ने युवा वर्ग को भ्रमित किया, केवल वैदिक संस्कृति को अपनाना है इसका समाधान

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। स्थानीय अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल ने भारतीय वैदिक संस्कृति में हवन-यज्ञ का सर्वोतम महत्व बताया है। आज आर्यसमाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित आर्यजनों के बीच मुख्य वक्ता रूप में सेठ विजय अग्रवाल ने कहा कि भले ही संस्कृत भाषा का अभाव और आधुनिक सभ्यता के प्रभाव ने युवा वर्ग को भ्रमित किया है लेकिन भारतीय वैदिक संस्कृति में विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर आयोजित होने वाले हवन-यज्ञ का सर्वोत्तम महत्व है। जिसे किसी कीमत पर नहीं नकारा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि यज्ञ कर्म में हवन, स्थान, द्रव्य, मंत्र और भावों की पवित्रता को प्रबल महत्व दिया गया है। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार किसी भी कर्म को करते वक्त यदि हम आध्यात्मिक भाव से भरे हुए है और विश्वकल्याण की मंगलकामना से भरे है तो हवन का महत्व सौ गुणा ज्यादा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने विश्व को एक नई राह दिखाई। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर आर्यसमाज की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए स्थानीय अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय अग्रवाल को आर्यसमाज की तरफ से स्वामी दयानंद सरस्वती जी वाला स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर सोहनपाल राघव, सतपाल आर्य, उमेश अग्रवाल, ओमप्रकाश मुनीम, मास्टर सुशील कुमार, नरेश शर्मा, धर्मेन्द्र सिंगला, संजय आर्य, अनिल वशिष्ठ आदि प्रमुखजनों समेत आर्यसमाज से जुड़े सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

चौ. देवीलाल के त्याग के आगे सभी पद रहे छोटे : चौधरी रिठौजिया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया, युवा जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी, सोहना मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन शैलेश खटाना, कामरेड प्रताप सिंह खटाना, पूर्व सरपंच राजबीर सिंह, चौधरी तोताराम चेयरमैन, चौधरी झग्गड चेयरमैन, बाबू सरपंच, सूबेदार हरपत सिंह, मैंबर बुग्गप, कप्तान भीम सिंह, चौधरी राजेन्द्र सिंह, ब्रह्म सिंह, मेजर सुखबीर सिंह, चौधरी जय सिंह, अजय सिंह की अगुवाई में सोमवार को जजपा के कई सैकड़ों कार्यकर्ता यहां पर अलसवेरे खेल स्टेडियम मेंनायक चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

रिठौजिया ने जननायक स्व. चौधरी देवीलाल 110वीं जयंती पर उन्हे अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि तप, त्याग, संघर्ष, बलिदान की प्रतिमूर्ति चौधरी देवीलाल ने कभी बड़े से बड़े पद का भी मोह नही किया और जुबान के धनी चौधरी देवीलाल ने अपना वचन निभाने के लिए स्वयं को देश का प्रधानमंत्री चुन लिए जाने के बावजूद अपना प्रधानमंत्री पद का ताज वीपी सिंह को पहनाकर दिखा दिया कि उनके त्याग के आगे सभी पद छोटे है। खटाना रिठौजिया ने चौधरी देवीलाल के जीवन के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा कि चौधरी देवीलाल संघर्ष और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। आजीवन किसान, कमेरे और गरीब सहित छत्तीस बिरादरी के कल्याण और विकास के लिए सतत प्रयास किया। अनेक कल्याणकारी योजनायें जैसे बुजुर्ग, विधवा और विकलांग सम्मान भत्ता, किसान कर्ज माफी, सर्वजातीय चौपाल, ट्रैक्टर करमुक्त, कन्यादान योजना आदि चलाईं।

शक्ति प्रदर्शन — महिला कार्यकर्ताओं ने पहनी थी हरे रंग की साड़ियां और हरे रंग वाली कुर्ती-सलवार

कैथल रैली में रवाना होने वाले इनेलो नेताओं में था गजब का जोश

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । इनेलो के झंडे तले कैथल में सोमवार को आयोजित सम्मान दिवस रैली में हिस्सा लेने के लिये सोहना क्षेत्र से इनेलो के विभिन्न नेता सुबह-सवेरे अपने साथ सैकड़ों से ज्यादा वाहनों के लंबे काफिले और पूरे लाव-लश्कर के साथ कूच कर गये।

इस मौके पर एक-दूसरे से ज्यादा तादाद में सोहना से अपने साथ लोगों, युवाओं को कैथल रैली में ले जाने के लिए इनेलो के क्षेत्रीय नेताओं में आपस में जबरदस्त होड़ देखने को मिली। कैथल रैली में जाने वाली इनेलो की काफिलों की गाड़ियों पर पार्टी का बैनर व झंडा लगा था। कार्यकर्ताओं द्वारा पहनी हुई हरे रंग वाली टोपियां महिला कार्यकर्ताओं ने पहनी थी हरे रंग की साड़ियां और हरे रंग वाली कुर्ती-सलवार लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। रैली में कूच करने से पहले कार्यकर्ता स्थानीय खेल स्टेडियम मैदान में आए और यहां स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर फूलमालाएं चढ़ाकर उनके देश और प्रदेश की प्रगति व तरक्की में दिए गए योगदान को याद किया।

इनेलो के जिलाप्रधान व पूर्व जिलापरिषद सदस्य रोहताश खटाना लोहटकी ने अपनी अगुवाई में कैथल रैली में जा रहे कार्यकर्ताओं के साथ यहां से कूच करने से पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते वक्त पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक स्व. चौधरी देवीलाल को युगपुरूष बताते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने चौधरी देवीलाल को हरियाणा का निर्माता बताते हुए कहा कि प्रदेश और देश को बुलंदी की तरफ ले जाने में उनका जो योगदान रहा है, हमें वह सदैव याद रखना चाहिए। सोहना के गांव लोहटकी के रहने वाले पूर्व जिलापार्षद व लोकसभा चुनाव लड़ चुके इनेलो के वरिष्ठ नेता रोहताश खटाना लोहटकी अपनी अगुवाई में सैकड़ों वाहनों का लंबा काफिला लेकर कैथल रैली में गए हैं। तरक्की में दिए गए योगदान को याद किया।

इस मौके गांव लोहटकी के पूर्व जिलापार्षद व लोकसभा चुनाव लड़ चुके इनेलो के वरिष्ठ नेता रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को लूटने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी लूट को बंद करे और प्रदेश के उद्योगों में हरियाणा के युवाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। मालूम हो कि इनेलो नेता व पूर्व जिलापार्षद रोहताश खटाना ने अपने साथ जाने वाले कार्यकर्ताओं के नाश्ते, पानी और भोजन के लिए अपने कार्यालय पर हलवाई बैठाकर हलवा, पूड़ी, सब्जी तैयार कराई और कैथल रैली में कूच करने से पहले कार्यकर्ताओं को अल्पाहार व भोजन के पैकेट वितरित किए।

इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया भी किसी से पीछे ना रहे और अपनी अगुवाई में सैकड़ों वाहनों और हजारों लोगों को साथ लेकर लंबे काफिले के साथ कैथल रैली में गए है। इनेलो के वरिष्ठ नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने अपनी अगुवाई में जा रहे कार्यकर्ताओं के साथ यहां से कैथल रैली के लिए कूच करने से पहले मुख्य वक्ता रूप में पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक स्व. चौधरी देवीलाल को युगपुरूष बताते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने चौधरी देवीलाल को हरियाणा का निर्माता बताते हुए कहा कि प्रदेश और देश को बुलंदी की तरफ ले जाने में उनका जो योगदान रहा है, हमें वह सदैव याद रखना चाहिए। इनेलो के हलका प्रधान चरण सिंह डागर, इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, व्यापारी नेता राकेश गर्ग, सुखदेव सिंह सैनी, मास्टर खूबीराम, सुंदर सिंह राजपूत, भूपेन्द्रप्रताप खटाना, मनोज प्रधान नंगलिया, अजीत अधाना नंगलिया, नंबरदार धर्मबीर खटाना, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, व्यापारी नेता सेठ सुंदरपाल अग्रवाल आदि ने दावा जताया कि जननायक व पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल व तथा ओमप्रकाश चौटाला परिवार का शुरू से ही सोहना, मेवात व अहीरवाल से विशेष लगाव रहा है। जननायक ताऊ देवीलाल चाहे हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे और चाहे उपप्रधानमंत्री रहे सोहना से उनका लगाव बराबर बना रहा। चौधरी देवीलाल के मुख्यमंत्री काल में चंडीगढ़ के बाद सोहना से ही हरियाणा की सरकार चलती थी और चौधरी देवीलाल के उपप्रधानमंत्री कार्यकाल में केन्द्र सरकार की निगाहें सोहना पर ज्यादा मेहरबानी रही। होली के मौके पर चौधरी देवीलाल सोहना के ऐतिहासिक गांव अलीपुर व घंघौला में जरूर आते थे और होली कार्यक्रम में हिस्सा लेते थे।

इन नेताओं ने कहा कि मेवात, अहीरवाल, भिवानी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, गुरूग्राम और दक्षिणी हरियाणा के लिए एसवाईएल नहर का पानी जीवन रेखा के समान है तो दादूपुर नलवी नहर यमुनानगर, अंबाला व कुरूक्षेत्र के 225 गांवों के किसानों की जान है। उन्होने भाजपा और कांग्रेस को घोर किसान व गरीब विरोधी बताते हुए तीखे प्रहार किए और दो टूक शब्दों में कहा कि एसवाईएल नहर निर्माण तथा दादूपुर नहर निर्माण कार्य जब तक सरकार शुरू नही कराएगी, इनेलो चुप नहीं बैठेगी।

नहरी पानी ना आने के कारण यह जिले डार्क जोन की कगार पर खड़े हैं। हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसी कोई सरकार आई है, जो नहर खुदवा कर पानी लाने की बजाय नहर बंद करने का काम कर रही है। जिसका खामियाजा दक्षिणी हरियाणा समेत राज्य के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

अंदर देखे

गुरुग्राम

खबर फटाफट

पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दौलताबाद गांव में लगाया गया सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर

गुरुग्राम। जिला रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से जिला उपयुक्त निशांत कुमार यादव एवं अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दौलताबाद गांव में सेवा पखवाड़ा रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढे र रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से जिला टीबी कोऑर्डिनेटर रोहिताश शर्मा ने किया। दौलताबाद मित्र मंडल की तरफ से दीपक जांघू, वीरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी सचिव विकास कुमार ने बताया कि शिविर में मुख्य आकर्षण रहा दो पिता-पुत्र की जोड़ी द्वारा एक साथ रक्तदान करना। डॉक्टर लोकमनि शर्मा व उनके बेटे दिव्याकांत शर्मा, राधेश्याम शर्मा व उनके बेटे दीपक शर्मा ने एक साथ रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रास सोसायटी से जिला प्रशिक्षण अधिकारी ईशांक कौशिक, अतुल कुमार पराशर, कविता सरकार, सुषमा एवं वालंटियर्स में अरुण श्रीवास्तव, मनोज सिंह चौहान तथा सिविल अस्पताल ब्लड बैंक टीम के सदस्यों का सहयोग मिला।

इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। टेलीग्राम ऐप पर पार्ट टाइम जॉब के नाम पर इन्वेस्ट कराकर धोखाधड़ी करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 फरवरी को पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम को एक शिकायत टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब करने के नाम पर रुपए इन्वेस्ट कराकर 7 लाख 97 हजार 200 रुपए का फ्रॉड करने के सम्बन्ध मे प्राप्त हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवकों पंकज व परमिश को पालम विहार क्षेत्र से 24 सितम्बर को काबू कर लिया। जबकि इससे पूर्व 23 मार्च को अन्य 2 आरोपियों मुनेश व दुष्यंत को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि दोनों आरोपी कमीशन रेट पर कार्य करते है और पीड़ित से ठगी गई राशि को उन्होंने अपने अन्य साथियों से लिए हुए अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराया था। पुलिस जाँच के दौरान पता चला है कि आरोपी पंकज पर दिल्ली व सोनीपत मे धोखाधड़ी के 2 मामले दर्ज है और आरोपी पंकज पर चोरी का मामला दिल्ली में दर्ज है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 46 हजार 400 रुपयों की नगदी बरामद की गई है ।

जींद संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा करेगा भागीदारी

गुरुग्राम। एक अक्टूबर 2023 को जींद में आयोजित की जा रही संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज की भागीदारी रहेगी। यह निर्णय गूगल मीट पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक में संगठन की सभी इकाई के अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला ने बताया कि

समाज के हर स्तर पर लोग रैली में बढ़-चढकर भाग लेंगे व विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी करेंगे। अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज ने सदा देश हित में काम किया है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में समाज की अहम भूमिका है। आजादी के आंदोलन से ही वैश्य समाज के पुरोधाओं ने तन-मन-धन से सहयोग किया था। व्यापारिक दृष्टि से वैश्य समाज पूरी दुनिया में काम कर रहा है। इन सबके बीच कहीं ना कहीं वैश्य समाज राजनीति में उपेक्षा का शिकार रहा है। राजनीतिक दलों ने इस वर्ग को दोहन का काम किया है, लेकिन राजनीति में मजबूत नहीं होने दिया। आगे नहीं बढने दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आप को राजनीति में भी मजबूत करना है। युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के साथ राजनीति में भी प्रवेश करें।

आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

शहीद भगत सिंह चौक से पार्क तक निकाली तिरंगा यात्रा

शहीद भगत सिंह के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : सिंगला

पूर्व डिप्टी मेयर बोले, तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को सम्मान दिया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। अशोक विहार फेज-3 में शहीद भगत सिंह की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधु ने भी शिरकत की। जन सेवा संगठन की ओर से सुरेंद्र सांगवान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम से पहले पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया की ओर से विधायक सुधीर सिंगला के साथ शहीद भगत सिंह सेक्टर-5 चौक से शहीद भगत सिंह पार्क तक करीब 500 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक सुधीर सिंगला ने आयोजकों का धन्यवाद किया। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भगत सिंह देश के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए जिस साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया, वह भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया था। ऐसे वे जांबाज थे। उनका बलिदान देश में भुलाया नहीं जा सकता। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों का बलिदान, उनके संघर्ष को कभी भूलना नहीं है। पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्दर कटारिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को सम्मान दिया गया है। भविष्य में भी इस तरह की यात्राएं निकाली जाएंगी।

आशा वर्करों ने दी गिरफ्तारियां

आम आदमी पार्टी ने जेल भरो आंदोलन को दिया समर्थन

नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ जमकर निकाली भड़ास

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। आशा वर्कर्स यूनियन (सीटू) की हड़ताल के 2 महीने से ज्यादा जेल भरो आंदोलन का आगाज गुरुग्राम जिले की सैंकड़ो आशा वर्कर्स ने हड़ताल में भाग लिया। आम आदमी पार्टी ने सभी आशा वर्कर्स को पूर्ण समर्थन दिया। आशा वर्कर्स की हर महिला को आम आदमी पार्टी की ओर से गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर ने आश्वासन दिया हर संभव मदद आपके बीच आपके एक कॉल पर मिलेगी और जो जेल भरो आंदोलन का आगाज आप ने किया है आम आदमी पार्टी का एक एक कार्य करता आपके साथ जेल जाने को तैयार। पार्टी का आदेश है कि आप कोई भी निर्णय करते हैं आपके साथ आम आदमी पार्टी का हर सिपाही कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। साथ में मुकेश डागर ने कहा कि आज प्रदेश में आशा वर्कर्स के साथ जो सरकार का रवैया है वह बहुत गलत है और जो बहने आंदोलन के दौरान हमारे बीच नहीं रही उसके लिए सरकार की कड़ी निंदा करते हैं और उनके लिए सरकार से मांग करते हैं कि उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहायता राशि दी जाए। आम आदमी पार्टी जिला महिला अध्यक्ष सुशीला कटारिया ने कहा कि प्रदेश भर की 20 हजार आशा वर्कर न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू सरकार तत्काल प्रभाव से करें। और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए ईएसआई व ईपीएफ व रिटायरमेंट पेंशन का दे। ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष धीरज यादव ने कहा कि समय रहते मांगों का समाधान किया जाए और अब वोट की चोट से आशा वर्कर्स 2024 में झाड़ू से भारतीय जनता पार्टी सरकार को प्रदेश से खत्म कर देग इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर , ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष धीरज यादव , प्रदेश युवा उपाध्यक्ष प्रियदर्शनी सिंह, ओबीसी संयुक्त सचिव विजय यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव मीनू सिंह, महिला अध्यक्ष सुशीला कटारिया, युवा जिला अध्यक्ष नितिन बत्रा मौजूद रहे।

मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व ने देश को विकास और प्रगति का पर्याय बनाया : जीएल शर्मा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चैयरमेन जीएल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में बनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सरस्वती विहार स्थित केके क्लीनिक में मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर का शुभारंभ किया। जीएल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने निर्णायक नेतृत्व और दूरदर्शिता से भारत को विश्व पटल पर विकास और प्रगति का पर्याय बनाया है। यही कारण है कि आज मोदी देश के सर्वप्रिय नेता हैं। शर्मा ने कहा कि मोदी ने भारत की सनातन संस्कृति के साथ-साथ विश्व की प्रत्येक संस्कृति को पूर्ण सम्मान देने का काम किया है। देश के कर्मयोगी प्रधानमंत्री का सेवाभाव भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए आदर्श है। जीएल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से जन कल्याणकारी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की सोच व गरीब कल्याण के संकल्प से मोदी ने असंभव कार्यों को संभव करके दिखाया है। उनका जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। आज देश का हर वर्ग चट्टान की तरह उनके साथ खड़ा है। निस्वार्थ भाव से राष्ट्रसेवा में समर्पित देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

सफल होने के लिए कड़ी मेहनत, संघर्ष और सकारात्मक सोच जरूरी : गार्गी कक्कड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए गए सेवा पखवाड़ा के निमित्त भाजपा कार्यालय गुरु कमल पर मॉडर्न कान्वेंट स्कूल मारुति कुंज भोंडसी के बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन वृत्त एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां पर लगी प्रदर्शनी एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म को देखा। कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ सभी बच्चों का स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बच्चों संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व जीवन में अनमोल है इसे हमेशा से समझे कि शिक्षा हमें सोचने की क्षमता, समस्याओं का समाधान निकालने की योग्यता, और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है आपके चारों और खुशहाल रहने के लिए सकारात्मक सोचने की आवश्यकता है आपकी सोच आपके व्यक्तित्व और आपकी जीवन दिशा को प्रभावित करती है जीवन में सफलता के लिए अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करना आवश्यक है जब आप अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करते हैं तो आप अपनी प्रतिक्रियाओं को भी संभवत-स्पष्ट करते हैं आपकी सोच आपके जीवन को निर्धारित करती है सकारात्मक सोच आपको सकारात्मक विचारों और सकारात्मक कार्यों की ओर ले जाती है और उसके साथ-साथ ही स्वस्थ शरीर और मन सफलता के लिए आवश्यक है आपको स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना, सही खान-पान करना, समय पर नींद लेना और अपने मन को स्थिर रखने के लिए मेडिटेशन जैसी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने कहा कि आज हमें खुशी हुई प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन वृत्त पर व सरकार के किए कार्यों के बारे में डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं प्रदर्शनी से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, नीरज यादव, यादराम जोया, निधि मल्होत्रा, कांता देवी उपस्थित रहे।

राजनीति समाज को जोड़ने का माध्यम :नवीन गोयल

बोले, राजनीति में आने का मकसद कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं, बल्कि समाज सेवा को और भी बेहतर ढंग से करना है

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल का वजीराबाद में भव्य स्वागत किया गया। बिना किसी औपचारिक कार्यक्रम के नवीन गोयल को गांव में आमंत्रित किया गया। उन्हें करीब 70 गाड़ियों के काफिले के साथ गांव में ले जाया गया। बड़े-बुजुर्गों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान निवर्तमान पार्षद कुलदीप बोहरा, जगमोहन यादव, भजन लाल, सेक्टर-57 के प्रेसिडेंट आरडब्ल्यूए समय सिंह, दीपचंद फौजी, कृष्ण, सुरेंद्र, महेंद्र, अशोक सोलंकी, सुनील, छोटेलाल, चंदन लाल, देवेन्द्र सोलंकी, जिले सिंह, भारत, किशन, नम्बरदार जयपाल, चंदन, निशांत समेत अनेक लोगों ने नवीन गोयल का सदैव तन-मन-धन से साथ देने का आश्वासन दिया। अपने स्वागत से अभिभूत नवीन गोयल ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर कहा कि उनका कर्म क्षेत्र समाज और राजनीति दोनों हैं। समाज के बिना राजनीति नहीं और राजनीति समाज को जोडने का माध्यम है। राजनीति में आने का मकसद कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं, बल्कि समाज सेवा को और भी बेहतर ढंग से करना है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और राजनीति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आने की अपील की। यह उनका विजन है कि हमारा दुनिया में शहर बेहतर हो। उन्होंने वजीराबाद की बेटियों ने खेलों में बहुत नाम कमाया है। नवीन गोयल ने कहा कि हमें बेटियों को उचित मान-सम्मान और सहयोग देकर उनके सपनों को पंख लगाने चाहिए। बेटियों ने सदा खुद को साबित करके दिखाया है।

गुरुग्राम को प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनाने में पूर्वांचल का सबसे बड़ा योगदान : पंकज डावर

भाजपा ने पूर्वांचल समाज का एक भी वादा नहीं किया पूरा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पूर्वांचल जनकल्याण संघ के पदाधिकारी ने हजारों लोगों की मौजूदगी में अपनी 37वीं वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कार्यक्रम में भाग लिया, इस मौके पर पूर्वांचल जनकल्याण संघ के अध्यक्ष उपेन्द्र राय, महासचिव रवींद्र यादव, कोषाध्यक्ष मुरलीधर, प्रवक्ता डॉ दीपक सैनी, सचिव कंचन यादव, संगठन सचिव अशोक सुमन, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष देवीदयाल महेश, अखिलेश्वर सिंह, वशिष्ठ, गुलाब यादव, गंगासागर सभी संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष एवं महासचिव मौजूद रहे। पंकज डावर ने कहा कि पूर्वांचल समाज का पूरे हरियाणा के विकास में अहम योगदान है आज गुरुग्राम हरियाणा प्रदेश की आर्थिक राजधानी बन चुकी है इसके पीछे सबसे बड़ा योगदान पूर्वांचल के ही लोगों का है। पंकज डावर ने कहा कि 9 साल पहले भाजपा ने यहां के पूर्वांचल समाज को एक झूठा सपना दिखाया तरह-तरह के वादे किए थे लेकिन सत्ता में आने के बाद एक भी वादे पूरा नहीं किया जिसकी वजह से पूर्वांचल समाज के लोगों को जो मान सम्मान भाजपा सरकार में मिलना चाहिए था नहीं मिला उन्होंने इस मौके पर वादा किया कि आगामी सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है सरकार बनते हैं पूर्वांचल समाज को पूरा मान सम्मान मिलेगा और उनकी सभी मांगों को पूरा किया जाएगा।

बैठक

एडीसी ने की जिला स्तर पर गठित स्थानीय समिति की समीक्षा

नियमों के तहत सभी संस्थान आईसी करें गठित : मीणा

बोले, यदि किसी संस्थान में आईसी को लेकर अनियमितता पाई जाती है तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि यौन उत्पीडन् निरोधक अधिनियम 2013 महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे में जरूरी है कि सभी संस्थान इस अधिनियम के निर्धारित नियमों के तहत अपने यहां आंतरिक समिति (आईसी) गठित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अधिनियम है जिसका उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर अच्छा व सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना है ताकि वे आत्मसम्मान के साथ नौकरी कर सकें और कार्यस्थल पर अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। एडीसी विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में यौन उत्पीडन् निरोधक अधिनियम-2013 के तहत जिला स्तर पर गठित स्थानीय समिति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। एडीसी ने कहा कि कोई भी संस्थान जहां पर दस से अधिक कर्मचारी काम करते है वहा पर आतंरिक शिकायत समिति का गठन होना अनिवार्य है, साथ ही ऐसे संस्थान जहां पर महिला कर्मचारी हो या ना हो वहां पर भी आईसीसी गठित होनी अनिवार्य है। दस से कम कर्मचारी वाले संस्थान जिला स्तर पर गठित लोकल कंप्लेंट कमेटी (एलसीसी) में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि यदि किसी संस्थान में आईसी को लेकर अनियमितता पाई जाती है तो उसके खिलाफ जिलाधिकारी अर्थात डीसी या एडीसी द्वारा 50 हजार रूपये तक जुर्माना किया जा सकता है और जुर्माना ना भरने पर पैनेल्टी को एक लाख रूपये तक किया जा सकता है। यदि इसके बाद भी संस्थान आईसी को लेकर कोताही बरतता है तो उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। एडीसी ने बैठक में सभी सरकारी व कॉरपोरेट संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है जिसे लेकर आमजन में जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है ताकि महिलाए कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि दस या दस से अधिक संख्या वाले कर्मचारियों वाले संस्थान आईसी की वार्षिक रिपोर्ट ई मेल पर अपनी अधिकारिक मेल से भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभाग अधिनियम कि अनुपालना करें और अधिनियम पर अधिक सक्रियता से काम करें। जल्द ही सभी सरकारी विभागो के प्रमुख की बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि यौन उत्पीडन अधिनियम, 2013 को गुरुग्राम जिले में पहले से अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी नेहा दहिया, एसीपी ईस्ट डॉ कविता, शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्थानीय समिति के सदस्यों सहित असिस्टेंट मित्तल भी उपस्थित रही।

बाल श्रम को रोकने के लिए धरातल पर काम करे जिला टास्क फोर्स

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरूग्राम के चौराहों और ट्रैफिक लाईटों पर कोई बच्चा भीख मांगता हुआ दिखाई दे तो उसको बाल संरक्षण कार्यालय में ले जाकर समझाया जाए। इसके लिए पुलिस एंटी ह्यूमन ट्रैफिक टीम को भी प्रभावी कार्रवाई कर भिखारी बच्चों के माता-पिता के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने आज बाल कानूनी अधिकारों के लिए स्थानीय रेस्ट हाऊस में आयोजित हुई बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे चौराहों पर नट का खेल दिखाते हुए मिलते हैं तो कुछ धूप में घूम कर सामान बेचते हुए मिल जाते हैं। इन बच्चों के मां-बाप या भीख मंगवाने वाला आदमी आसपास ही रहता है। ऐसे आदमियों को पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम जिला में कहीं भी बाल मजदूरी का मामला मिलता है तो फौरन उसके नियोक्ता के विरूद्ध कार्यवाही होनी चाहिए। जिला में एक भी बाल श्रम का केस नहीं होना चाहिए। हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि किसी भी छात्र की परीक्षा मार्च में होती है और दो-तीन महीने बाद बोर्ड का रिजल्ट आने पर वह अपना स्कूल बदलना चाहे तो कोई भी स्कूल संचालक उससे एसएलसी के नाम पर फीस नहीं ले सकता।

खबर फटाफट

बाबा जहारवीर का भंडारा व रागनी कंपटीशन का आयोजन

तावडू। उपमंडल के गांव कोटा खंडेवला में 23वां बाबा जहारवीर का विशाल भंडारा व रागनी कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस कंपटीशन में सोहना तावडू विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप खटाना ने 21 हजार रूपए की अनुदान राशि कार्यक्रम में भेंट की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कि और सभ्यता को बढावा देने में महत्वपूण योगदान निभाते हैं। धार्मिक आयोजनों से न केवल हमें अद्यात्मिकता की शिक्षा मिलती, बल्कि तनाव से भी मुक्ती मिलती है। इस तरह के आयोजनों से भाईचारे को भी बढावा मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में सभी को बढचढ कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान उनके साथ निजि सचिव नरेश खटाना, हरबीर, धर्मेन्द्र फौजी, जफरू चेयरमैन, बीर सिंह, सन्नी, राहुल, अभिषेक आदि मौजूद थे।

गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन ने की बैठक

तावडू। हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यू डी मैकेनिकल वर्कस यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ के कर्मचारियों की आम बैठक संगठन के जिला प्रधान जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन प्रधान पंकज मित्तल ने किया। इस बैठक में सैकडों कर्मचारियों ने भाग लिया। यह जानकारी यूनियन के राज्य प्रैस सचिव नरेश अरोडा ने दी।उन्होंने बताया कि प्रधान जाकिर हुसैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विभागों के अधिकारी अपनी हठ धर्मिता के चलते लगातार कर्मचारी विरोध फैले ले रहे हैं। कार्यकारी अभियंता ने संगठन के शिष्ठ मंडल को 2 माह पूर्व आश्वासन दिया था कि पेयजल आपूर्ति योजना को ठेकेदारी प्रथा पर नहीं दिया जाएगा। लेकिन फिर वादा खिलाफी करते हुए उक्त कार्यारी अभियंता प्रदीप शर्मा ने संगठन को अंधेरे में रखकर उक्त टेंडर की प्रक्रिया को जारी रखा व टेंडर लगा दिया। जिस कारण पूरे जिले के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है व संगठन इसकी भरपूर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि उक्त टेंडर के लगने से कर्मचारियों पर सरप्लस होने का खतरा मंडरा रहा है व कहा कि जिस प्रकार से एमआईटीसी विभाग व कंफेड आदि विभाग अधिकारियों की गलत नितियों के कारण बंद हो गए हैं। इन भ्रष्ट अधिकारियों की नीति भी इसी प्रकार की है। कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों से संगठित रह कर अधिकारियों की नीतियों के खिलाफ डटकर विरोध करने का आहवान किया।

आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले के 7 हजार 670 लोगों ने करवाया अपना इलाज

नूंह।आयुष्मान भारत योजना के तहत एक सितंबर तक जिला नूंह के 7670 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपना ईलाज करवाया है, जिनमें 1340 लोगों द्वारा सरकारी अस्पतालों में व 6330 लोगों द्वारा निजी अस्पतालों में मुफ्त ईलाज करवाया गया है। उनके ईलाज पर सरकार द्वारा लगभग 26 करोड़ 43 लाख 72 हजार 180 रुपये की राशि खर्च की गई है। नूंह जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 सरकारी व 2 निजी अस्पताल पैनल पर शामिल है। उपायुक्त धीरेन्द्र खडे टा ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक स्वास्थ्य योजना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर, 2018 को इस योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना जिसको आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तान से भी जाना जाता है। आयुष्मान भारत योजना का मुख्य उद्देश्य वंचित और शोषित गरीब परिवार जोकि इसके दायरे में आते हैं उनको प्रतिवर्ष प्रति परिवार को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध करवाना है। ऐसे पात्र परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये है, वे इस योजना के तहत लाभार्थी है। ऐसे लाभार्थी कार्ड धारक किसी भी आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में जाकर अपना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज करवा सकते हैं। इस योजना में यह पाबंदी नहीं है कि अगर लाभार्थी हरियाणा का है तो हरियाणा के ही किसी आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में ईलाज करवाए वह किसी भी राज्य में जाकर अपना ईलाज आयुष्मान भारत योजना के पैनल अस्पताल में करवा सकता है और इसमें परिवार के सदस्यों की भी कोई सीमा निर्धारित नहीं है। परिवार में जितनें भी व्यक्तियों के नाम योजना में शामिल होंगे उन सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है और वे सभी आयुष्मान भारत योजना का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि अगर जिला में उस सूची के अनुसार 6 लाख 81 हजार 24 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनने है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक 2 लाख 86 हजार 901 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और लगातार यह प्रयास है कि इस सूचि में शामिल व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाए।

आशा वर्करों ने दी गिरफ्तारियां

अनाज मंडी से लेकर लघु सचिवालय तक सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया भारी सुरक्षा बल तैनात

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। सोमवार को नूंह की नई अनाज मंडी में हजारों की संख्या में आशा वर्कर इकट्ठा हुई और सीटू के बैनर तले उन्होंने जेल भरो आन्दोलन किया। आशा वर्करों ने अपनी मांगों को लेकर अनाज मंडी से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस ने आशा वर्करों को रोडवेज बसों में बिठाकर उन्हें रवाना किया।

इस दौरान अनाज मंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाते हुए आशा वर्करों ने कहा कि सरकार उन्हें चार हजार रुपए का वेतन दे रही है और उन्हें पूरा काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनका 26000 रूपए वेतन करने की मांग को पूरा नहीं करेंगी और उनकी दूसरी मांगों को नहीं मानेगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान जिले के चौकीदार संगठन के जिला अध्यक्ष इमरान खान ने भी आशा वर्करों को अपना समर्थन दिया और कहा कि सरकार को जल्द से जल्द आशा वर्करों की मांगों को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक आशा वर्करों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक वह आशा वर्करों के साथ मिलकर उनकी इस लड़ाई में पूरा सहयोग कर उनके साथ विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे। आशा वर्करों ने जिला सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, वहीं आशा वर्करों ने पुलिस को अपनी गिरफ्तारी दी और प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार करते हुए रोडवेज बसों में बिठाकर रवाना कर दिया।

लघु सचिवालय में सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल किया तैनात

मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने सोमवार को आशा वर्करों द्वारा जेल भरों आंदोलन और विरोध प्रदर्शन को लेकर लघु सचिवालय में भारी पुलिस बल तैनात किया । इस दौरान जिले की आशा वर्करों ने अनाज मंडी से लेकर लघु सचिवालय तक सरकार से उनकी मांगे पूरी करने के लिए नारेबाजी की और कहां की अगर सरकार ने जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं की तो उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

तावडू में बाजरे की कॉमर्शियल खरीद शुरू

किसानों के चेहरे खिले

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । शहर की नई अनाजमंडी में हैफेड ऐजंसी द्वारा बाजरे की कॉमर्सियल खरीद सोमवार को शुरू कर दी। सोमवार को ऐजंसी द्वारा लगभग सवा 2 सौ क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। ऐजंसी द्वारा 22 सौ रूपए प्रति क्विंटल बाजरे की खरीद की जा रही है। यह खरीद एक सप्ताह तक चलेगी। यह जानकारी मार्किट कमेटी सचिव विजय कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि पिछले लंबे समय से किसान बाजरे की सरकारी खरीद का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को हैफेड एजंसी द्वारा बाजरे की कॉमर्सियल खरीद शुरू कर दी गई। इस दौरान हैफेड एजंसी स्थानीय मैनेजर नीरज यादव ने बताया कि बाजरे की खरीद 22 सौ रूपए के हिसाब से की जा रही है। वहीं 3 सौ रूपए प्रति क्विंटल बोनस या भावांतर भरपाई का दिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर किसान राम किशन, रोहताश, जाकिर, रमेशचंद, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, नरेश कुमार, रमजान आदि ने बताया कि पिछले एक सितंबर से बाजरे की आवक अनाजमंडी में आरंभ हो गई थी। लगभग 65 से 70 प्रतिशत किसान बाजरे को बेच चुका है। किसान ने अपने बाजरे की फसल को सरकारी खरीद शुरू न होने के कारण औने पौने दामों में आडतियों को बेचनी पडी। जिससे किसानों का भारी आर्थिक नुकसान हुआ। किसानों ने मांग की है कि जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा के तहत फसलों का पंजीकरण करा रखा है, उन्हें भावांतर भरपाई योजना का लाभ मिलना चाहिए।

हक की लड़ाई

मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । शहर के पटौदी रोड पर स्थित नगरपालिका कार्यालय में सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर भूख हडताल शुरू कर दी है। इस भूख हडताल में आगामी 29 सितंबर तक हर रोज 5 कर्मचारी भूख हडताल पर बैठेंगे। यह जानकारी सफाई कर्मचारी संघ प्रधान मामचंद लुहेरा ने दी।

उन्होंने बताया कि उनकी मांग है कि सफाई, सीवर, फायर, वॉटर सप्लाई, मैन पावर, एमई ब्रांच, सिविल वर्क, ऑफिस कार्यों में ओएडएम हकरन व डोर टू डोर के ठेकों को समाप्त कर रोल पर किया जाए। दैनिक वेतन भोगी, विभिन्न प्रकार के ठेका प्रथा में कार्यरत हकरन के कर्मचारियों व पार्ट-1, पार्ट-2 अनुबन्धित आधार पर लगे सभी सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, बेलदारों, मैशन, रोडगेट, माली, ड्राइवर, ट्युबवेल हेल्पर व पालक, इलेक्ट्रीशन, जेई, सहायक सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, चौकीदार, बिल डिस्टीब्यूटर, चपरासी, टिप्पर ऑटो ड्राईवर के लिए पॉलिसी बनाई जायें व एक मुस्त पक्का किया जाये। उन्होंने इस दौरान बहुत सी मांगे रखी हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती मनाई

भरोसा मित्र

तावडू । शहर के वार्ड नंबर 8 में वार्ड पार्षदा सुदेश देवी के निवास पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। भाजपा जिला गुरूग्राम महिला उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका पूर्व चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को राजस्थान के धनकिया में 1 मध्यमवर्गीय प्रतिष्ठित हिंदू परिवार में हुआ था, जो 1 प्रख्यात ज्योतिषी थे। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय तथा उनकी मां का नाम रामप्यारी था। उनके पिता जलेसर में सहायक स्टेशन मास्टर के रूप में कार्यरत थे और मां बहुत ही धार्मिक विचारधारा वाली महिला थी। उन्होंने कहा कि उनके छोटे भाई का नाम शिव दयाल उपाध्याय था। दुर्भाग्यवश जब उनकी उम्र मात्र ढाई वर्ष की थी तो उनके पिता का निधन हो गया इसके बाद उनका परिवार उनके नाना के साथ रहने लगा। पार्षदा सुदेश देवी ने कहा कि उनका परिवार दुखों से उभरने का प्रयास ही कर रहा था, वहीं तपेदिक रोग के इलाज के दौरान उनकी मां 2 छोटे बच्चों को छोड़ कर संसार से चली गई। उन्होंने कहा कि सिर्फ यही नहीं जब वह मात्र 10 वर्ष के थे तो उनके नाना का भी निधन हो गया। लेखिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के अंदर पत्रकारिता तब प्रकट हुई जब उन्होंने लखनऊ से प्रकाशित होने वाले मासिक पत्रिका राष्ट्रीय धर्म में वर्ष 1940 के दशक में कार्य किया। उन्होंने अपने आर एस एस के कार्यकाल के दौरान 1 सप्ताहिक समाचार पत्र पांचजन्य और 1 दैनिक समाचार पत्र संदेश शुरू किया था।

जजपा के प्रदेश सचिव तैयब हुसैन ने की प्रेस वार्ता

भाजपा सांसद ने धर्म विशेष के खिलाफ अपशब्द बोलकर संसद को शर्मसार किया : तैयब हुसैन

बोले, भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई के लिए 29 सितंबर को राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक धर्म विशेष और जाति के सांसद के खिलाफ ही नहीं बल्कि पुरी जाति को आतंकवादी व अपशब्द जो बीजेपी के सांसद रमेश विधूड़ी ने कहे हैं उनकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। इससे भाजपा की पूरी मानसिकता और उनके आगे की सोच के बारे में पता चलता है। उक्त बातें जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव और नूंह से जजपा की टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़े तैयब हुसैन घासेडियां ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने सांसद रमेश विधूड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इतना ही नहीं जिस तरह उन्होंने देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक सांसद को जो उसके धर्म के प्रति अपशब्द और भेदभाव रखते हुए उन्हें आतंकवादी बोला है उससे उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा भी दर्ज होना चाहिए। तैयब हुसैन ने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी पंचायत में इस तरह के विचार एक भाजपा सांसद के मन में एक साथी सांसद के प्रति जो भावनाएं उन्होंने व्यक्त की हैं, उसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि आज देश का माहौल बहुत ज्यादा बिगड़ रहा है, देश दूसरी ओर जा रहा है आज एक देश में एक विशेष जाति के लोगों को टारगेट कर उन्हें कहीं मारा जा रहा है तो कहीं उन्हें झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजा जा रहा है। तैयब हुसैन ने कहा कि आगामी 29 सितंबर को एक विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्टपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा जाएगा और उसमें मांग की जाएगी की देश की सबसे बड़ी पंचायत में अभद्र भाषा बोलने के लिए भाजपा के सांसद रमेश विधूड़ी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाए, ताकि आगे से किसी विशेष जाति या धर्म के लोगों को टारगेट ना किया जाए। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद वली मोहम्मद घासेड़ा, तौफीक सरपंच हिरमथला, पहलू सरपंच कंवरसिका, इरशाद सरपंच, शेर मोहम्मद, नुसरत सरपंच नांगली काफी लोग मौजूद रहे।

मेवात एक भाईचारा और अमन पसंद इलाका

तैयब हुसैन ने कहा कि मेवात एक भाईचारा और अमन पसंद इलाका है, यहां पर कभी भी हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों का झगड़ा नहीं हुआ। आजादी से लेकर अब तक यहां हिंदू मुस्लिम समाज के लोग एक दूसरे के साथ मिल जूल कर एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 29 सितंबर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नूंह पहुंच कर इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर लघु सचिवालय पहुंचे, ताकि देश को तोड़ने वाली ताकतों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद कर उन्हें रोका जा सके।

आयुष ग्राम उजीना व घासेड़ा के सरकारी स्कूल में लगाया पोषण कैम्प

नूंह। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत डा. साकेत कुमार, महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार डा.अजीत सिंह यादव, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, नूंह द्वारा आयुष ग्राम उजीना व रा.व.मा.वि.घासेडा में पोषण कैम्प का आयोजन किया गया। उपस्थित आमजन को उचित खान-पान व रोगों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

युवाओं को मिल रही पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां : मूलचंद

मंत्री ने कहा, नूंह जिले में हुआ अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास

परिवहन मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। परिवहन मंत्री एवं खनन मंत्री हरियाणा मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत नूंह जिला के करीब एक हजार युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को शिक्षा अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। पूरे हरियाणा में अब युवाओं को नौकरियां पारदर्शी तरीके से मिल रही हैं। परिवहन मंत्री सोमवार को विधानसभा क्षेत्र फिरोजपुर झिरका के गांव हिरवाड़ी, अखनाका, कोलगांव, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण व मल्हाका में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि अब परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से लोगों के राशन कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, चिरायु कार्ड सहित अनेक योजनाओं का स्वत- ही सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान व चिरायु योजना में गांव हिरवाड़ी में 1559, गांव अखनाका में 1037, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण में 132, मल्हाका में 770 लाभपात्र हैं और अब ये लाभपात्र सालाना 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करवा सकते हैं। विभिन्न पैंशन योजनाओं के तहत गांव हिरवाड़ी में 371, अखनाका में 174, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण में पांच व मल्हाका में 173 लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। ये रहे मौजूद: इस मौके पर जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, चेयरमैन नगर पालिका मनीष जैन, एसडीएम डा. विनार चहल, डीएसपी सतीश कुमार, पूर्व विधायक नसीम अहमद, गांव हिरवाड़ी की सरपंच अफसाना, अखनाका के सरपंच मोहम्मद सलीम , मल्हाका की सरपंच तस्लीमा, फिरोजपुर झिरका ग्रामीण के सरपंच सोहराब उपस्थित थे।

मनोहर लाल ने नूंह में पानी पहुंचाने का काम किया

कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में पानी पहुंचाने का काम किया है। नूंह की अन्य जिलों से क्रेटिविटी बहुत अच्छी बनाई है। सरकार ने दिल्ली से मुम्बई तक 10 लेन का एक्सप्रेस-वे, जोकि नूंह मेवात के क्षेत्र से गुजरता है, बनाया है और ऐसा एक्सप्रेस-वे सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी स्वयं जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत गांवों में पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायतों को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है तथा संबंधित विभाग को कार्यवाही के लिए भेजा जाता है। जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति का योजनाओं का लाभ पहुंचे और लोगों की समस्याओं को समाधान उनके गांव में आकर किया जाए।

फिजीबल मांग जरूर होगी पूरी

उन्होंने सभी गांवों में सरपंच की मार्फत एक मांग-पत्र भी लिया और आश्वासन दिया कि इस मांग-पत्र के अनुसार प्रत्येक फिजीबल मांग को जरूर पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस अवसर सड़क, रास्ते, गलियां, पानी, चौपाल निर्माण, स्कूल की चारदीवारी की मरम्मत संबंधी मांगे रखी, मंत्री ने इन सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

नूंह हिंसा

सरपंच बोले, विधायक मामन खान ने फोन कर गुरुकुल की सुरक्षा करने के लिए कहा था

गुरुकुल हमारी शान, इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी: शौकत

विधायक के भाई और सैकड़ो लोगों के साथ रात को दो बजे तक की थी गुरुकुल की सुरक्षा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। गत 31 जुलाई को नूंह हिंसा को लेकर भादस गांव के गुरुकुल को उपद्रवियों से बचाकर चर्चा में आए भादस गांव के सरपंच शौकत ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि कुछ समाचार पत्रों में उनसे बात किए बगैर उनके बारे में झूठी, भार्मिक और बेबूनियाद खबरें छापकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सोमवार को एक समाचार पत्र में छपी खबर को लेकर उन्होंने कहा कि उनसे कभी भी किसी की बात नहीं हुई और ना ही उन्होंने कोई बयान दिया है, और जो खबर छपी है वो गलत और झूठी है। उन्होंने कहा कि गत 31 जुलाई को उनके पास सबसे पहले डीएसपी फिरोजपुर झिरका का फोन आया कि सरपंच आप अपने गांव के गुरुकुल पर जाएं और वहां उसकी और उसमें पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा करें। उसके तीन-चार मिनट बाद ही उनके पास विधायक मामन खान का फोन आया और उन्होंने उनसे स्वयं कहा कि वह गुरुकुल पर जाएं और 100- 50 आदमी अपने गांव के ले जाएं। इतना ही नहीं उनके छोटे भाई भी गुरुकुल पर 10 -20 आदमी लेकर पहुंच रहे हैं और गुरुकुल और गुरुकुल में पढ़ने वाले बच्चों की पूरी सुरक्षा की जाए। इतना ही नहीं सरपंच ने बताया कि उन्होंने स्वयं अपने फोन से विधायक मामन खान इंजीनियर की गुरुकुल के आचार्य से भी उनकी बात कराई और उन्हें विधायक ने पूरा भरोसा दिलाया कि आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। भादस गांव के सरपंच शौकत ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि उन्होंने स्वयं भारत के गुरुकुल पर जाकर और विधायक के भाई को साथ लेकर स्वयं रात के 2ः00 बजे तक पूरी तरह तैनात रहे। उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी तत्व दो बार गुरुकुल पर चढ़ने की नाकाम कोशिश करते रहे ,लेकिन उन्होंने लाठी डंडों से उन्हें खदेड़ा और उन्हें उनके मकसद में कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने बताया कि जो लोग अफवा फैला रहे हैं कि विधायक मामन खान इंजीनियर ने इसकी सुरक्षा को लेकर कोई कदम नहीं उठाए ,वह उन लोगों से कहना चाहते हैं कि विधायक मामन खान ने स्वयं उन्हें खुद फोन करके गुरुकुल में जाने के लिए कहा था और अपने भाई और उनके साथ कुछ लोगों को भी फोन करके गुरुकुल की सुरक्षा के लिए भेजा। लेकिन कुछ लोग अफवा फैला रहे हैं कि विधायक मामन खान ने इसके बारे में झूठ बोला है कि उन्होंने फोन किया वह गलत है। सौकत सरपंच ने कहा कि जब तक पुलिस फोर्स वहां नहीं पहुंची, तब तक मैं और विधायक का भाई वहां लगातार मौजूद रहे और हमने पूरी सुरक्षा और जिम्मेदारी के साथ गुरुकुल के बाहर पहरा लगाए रखा। उन्होंने कहा कि गुरुकुल उनके गांव की आन -बान- शान है और इसमें पढ़ने वाले सभी बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है और हमेशा आगे भी इसी तरह रहेगी।

खबर फटाफट

जिला परिवेदना समिति की बैठक आज बाल भवन में

रेवाड़ी। जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक मंगलवार 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे बाल भवन रेवाड़ी स्थित ऑडिटोरियम में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगेए जिनकी सुनवाई श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक द्वारा की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

सांसद डा.अरविंद शर्मा आज कोसली विस के ग्रामीणों से करेंगे जनसंवाद

रेवाड़ी। रोहतक लोकसभा सांसद डा. अरविंद शर्मा 26 सितंबर को कोसली विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे। डा. अरविंद शर्मा 26 सितंबर को सुबह 10 बजे राजीव गांधी खेल स्टेडियम कोसली, सुबह 11.30 बजे बंगला चौक रतनथल, दोपहर 1.30 बजे बीसी चौपाल गुडियानी, सायं 3.30 बजे पंचायत भवन कन्हौरा तथा सायं 5 बजे ग्राम सचिवालय गुरावड़ा में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव ने दी।

शिव सेना से जुड़े जय गौशाला दल की ओर से भगवा शोभायात्रा का हुआ आयोजन

रेवाड़ी। शिव सेना से जुड़े जय गौरक्षा दल की ओर से सोमवार को भगवा शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में साधु-संतों के अलावा काफी संख्या में गो-भक्तों ने भाग लिया। शहर के अनेकों बाजारों से होती हुई यात्रा मॉडल टाउन स्थित शिव चौक पहुंची। जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। स्थानीय रेलवे रोड़ स्थित मक्खन लाल की धर्मशाला से यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा शहर के बीचों-बीच मोती चौक, भाड़ावास गेट, अग्रसेन चौक व सर्कुलर रोड़ होते हुए मॉडल टाउन स्थित शिव चौक पहुंची। जहां भगवान शिव की मूर्ति पर जलाभिषेक किया गया। यात्रा में शामिल होने के लिए काफी संख्या में साधु-संत भी अलग-अलग स्थानों से पहुंचे। घोडों पर सवार साधु-संत तथा मोटरसाइकिलों तथा पैदल चल रहे युवाओं का जोश देखते ही बनता था। हाथों में भगवान रंग का झंडा तथा सनातन पर प्रहार नहीं सहेगा-हिंदु समाज, भारत माता की जय समेत अनेक नारे लगाती हुई यात्रा आगे बढ़ी। देशभक्ति व धार्मिक गीतों की धुनों पर युवा नाचते-गाते चल रहे थे। इस मौके पर यात्रा का नेतृत्व कर रहे शिव सेना के प्रदेश उप प्रमुख शम्मी शर्मा ने कहा कि वे भगवान यात्रा हिंदुओं की एकता का प्रतीक है। सनातन और हिंदु धर्म पर लगातार गलत बयानबाजी हो रही है।

भण्डारा सनातन परंपरा का अहम अंगए खुरर्मपुर मूर्ति स्थापना व भण्डारा समारोह में बोले सहकारिता मंत्री

रेवाड़ी। सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के साथ बावल नगरपालिका सभागार में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकदिवसीय परिवार पहचान पत्र त्रुटि निवारण कैम्प का शुभारंभ किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कैम्प का संचालन डा. सतीश खोला व नागरिक संसाधन सूचना विभाग के कर्मचारियों की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. बनवारी लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र की कल्याणकारी योजना पंडित दीन दयाल उपाध्याय द्वारा प्रशस्त किए गए अंत्योदय के सिद्धांत पर ही आधारित है। इसके उपरांत सहकारिता मंत्री व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने गाँव खुरर्मपुर मे शीतला माता मूर्ति स्थापना व भण्डारा कार्यक्रम में शिरकत की। फैमिली आईडी कैम्प में जनजागरूकता के अभाव से हुई गलतियों को ठीक करवाने पहुँचे आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि कैम्प का मुख्य उद्देश्य आम जन की परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याओं, जिनमें जन्म तिथि संबंधी त्रुटियां, तकनीकी पोर्टल पर दिव्यांग संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करना, मतदाता पहचान पत्र अपलोड करना, हस्ताक्षरित परिवार पहचान पत्र अपलोड करना व आय प्रमाणित करना आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। डॉ. बनवारी लाल ने फैमिली आईडी त्रुटि सुधार कैम्प में अपनी समस्याएं लेकर पहुँचे आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में ऐसे कई सीएससी केंद्र है जो निजी स्वार्थ के लिए सेवामुल्यों में अनियमितता बरत रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसे सीएससी केंद्र सरकार की नजर में है और उनपे तुरंत कार्यवाही की जायेगी। डॉ. बनवारी लाल ने आगे कहा कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार के स्तर पर सीएससी केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी सीएससी केन्द्रों को आमजन हेतु सुलभ बनाने हेतु पैक्स व उसके जैसी सहकारी समितियों के प्रांगण में भी सीएससी केंद्र खोलने का प्रावधान किया जायेगा। कैम्प में कुल 600 समस्याओं का निवारण किया गया। जिनमें 150 आवदेकों के आयुष्मान कार्ड, 5 बीपीएल कार्डए 50 वृद्ध पेंशनए 200 आय प्रमाण मौके पे बनाये गए और बाकी मिश्रित आवेदनों का निपटान किया गया। प्रदेशस्तर पर विभिन्न जगह पे लगाये गए इन कैंपो में ज्यादातर जागरूकता के अभाव में उत्पन्न हुई समस्याओं का निवारण किया गया। परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण संयोजक सतीश खोला व उनकी टीम ने बावल में लगे कैम्प का सफल संचालन किया। वंही गाँव खुरर्मपुर मे आयोजित मूर्ति स्थापना व भण्डारा समारोह में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि यज्ञए हवन व भण्डारे जैसे जीवकल्याण के कार्य न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान के अभिन्न अंग है बल्कि इनसे सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है।

प्रत्येक देशवासी को भावनात्मक रूप से एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर रही अमृत कलश यात्रा

रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के वीर शहीदों और वीरांगनाओं के सम्मान में जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ढोल-नगाड़ों व गाजे-बाजे के साथ 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जा रही है जो प्रत्येक देशवासी के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करते हुए उन्हें भावनात्मक रूप से एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अमृत कलश यात्रा जिला में सभी गांवों तथा शहर में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ निकाली जा रही है। डीसी ने कहा कि 'अमृत कलश यात्रा' के तहत हर घर से एक मुट्ठी मिट्टी और चावल एकत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक अमृत कलश के लिए ढोल-नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ रेवाड़ी जिला के हर गांव-हर घर से मिट्टी व चावल एकत्रित किए जाएंगे। इसी प्रकार के कार्यक्रम नगर परिषद व नगर पालिका क्षेत्र व शहर में भी आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को नगर परिषद की ओर से शहर में 'अमृत कलश यात्रा' निकालकर घर-घर से माटी व चावल एकत्रित किए गए।

इनेलो का मूल स्वभाव कांग्रेस विरोधी, दोनों का नेचुरल अलायंस नहीं हो सकता

कांग्रेसी भाजपा के बढ़ते प्रभाव से बौखलाहट में दे रहे गालियां : धनखड़

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसी भाजपा के बढ़ते प्रभाव से बौखलाहट में हैं और गालियां देने का काम कर रहे हैं। हार के डर से मतदाताओं को राक्षस बता रहे हैं, वहीं बहन-बेटियों को भी खुले मंच से गालियां दे रहे हैं। कांग्रेस व इनेलो के गठबंधन के सवाल पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि इनेलो का मूल स्वभाव कांग्रेस विरोधी रहा है। दोनों का नेचुरल अलायंस कभी नहीं हो सकता। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्थाई बाईपास स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में एकात्म मानववाद की विचारधारा के जनक भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश रेवाड़ी भाजपा कार्यालय में बूथ नंबर 171 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि 9 साल पहले की सरकार में गरीब का ध्यान रहीं रखा जाता था। जिसको जो मिल गया उस पर इतिश्री कर ली जाती थी। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद सरकार की सभी योजनाएं और उनका लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उज्जवला योजना के तहत हर गरीब के घर में फ्री में गैस दी गई। कांग्रेस के शासनकाल में गैस लेने के लिए लाइन लगाई जाती थी। अब गैस घर-घर पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल पहुंच रहा है। मोदी सरकार के 9 साल के समय में गरीबों के घर में शौचालय बनाकर महिलाओं का सम्मान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र ोमदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूलमंत्र के साथ लोगों के परिवान पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, बुढापा पेंशन, चिरायु कार्ड, आष्युमान कार्ड बनवाने और उनकी समस्याओं को दूर करने में लगे हुए हैं। इससे दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व एवं विचारों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार कर रही है। भाजपा सरकारों द्वारा समाज की पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल को सदैव एक असाधारण विचारक और बुद्धिजीवी के रूप में भी व्यापक रूप से याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज पूरे प्रदेश में 19 हजार 863 बूथों पर मनाई गई । प्रदेश में जितने भी कार्यक्रम चल रहे हैं। वे सभी अंत्योदय से सबका साथ.सबका विकास-सबका विश्वास से जुड़े हैं और एकात्म मानववाद को प्रतिलक्षित करते हैं। इसके उपरांत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बावल में परिवार पहचान पत्र शुद्धिकरण शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य गरीब कल्याण का है। जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ बनवारीलाल ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष धनखड के प्रयासों से प्रदेश भाजपा संगठन जिस तेजी से पन्ना प्रमुख तक पहुंच गया है।

प्राथमिकता के आधार पर हो आमजन की समस्याओं का समाधान : राव

केंद्रीय मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी । केंद्रीय योजना, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को रामपुरा हाउस स्थित निवास पर आम जनता की बिजली, पेयजल सहित अन्य समस्याएं सुनते अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कार्य में में किसी प्रकार की परेशानी न आए इसलिए शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़ी अनेक समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जगदीश यादव, जीतू चेयरमैन, रविंद्र सरपंच माजरा, यशु चेयरमैन, नरेंद्र शास्त्री, दिलबाग सिंह, मनजीत उपप्रधान, नरसी प्रधान आदि उपस्थित रहे।

एम्स किसान समिति ने जताया आभार

एम्स किसान समिति माजरा के पदाधिकारियों ने सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलकर भालखी-माजरा एम्स के शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण देने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण व आसपास के लोग प्रधानमंत्री के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उनकी राह देख रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री सिंह ने एम्स किसान समिति माजरा व ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि एम्स से संबंधित टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नवंबर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का रेवाड़ी में आगमन होगा और उनके करकमलों से एम्स का शिलान्यास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि माजरा में एम्स का निर्माण होने से इस क्षेत्र के नागरिकों को घर द्वार के नजदीक ही बेहतरीन एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी में एम्स के बनने से जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होगा वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

टेबल टेनिस में वैभव शर्मा व काव्या यादव ने जीता खिताब

दो दिवसीय जिलास्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। टेबल टेनिस एसोसिएशन रेवाड़ी द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का समापन महाराजा अग्रसेन स्कूल में नगर पार्षद राजेंद्र सिंहल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। एसोसिएशन के सदस्य हेमंत सिंहल ने बताया कि देर सायं तक चले एकल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में वैभव शर्मा व महिला वर्ग में काव्या यादव ने खिताब जीता। एसोसिएशन के प्रधान पवन सपड़ा ने बताया विजेता खिलाड़ी 30 सितंबर से यमुनानगर में शुरू होने वाले राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में रेवाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राकेश गर्ग के मंच संचालन में चले कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्य अजय यादव ने का सभी का आभार जताया। सभी विजेता खिलाडियों को सर्टिफिकेट, मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं के आयु वर्ग 19 में प्राची प्रथम, अक्षिता द्वितीय व देवांगी तृतीय रही। महिला वर्ग में काव्या यादव प्रथम, प्रियंका शर्मा द्वितीय, डॉली तीसरे स्थान पर रही। छात्रों के आयु वर्ग 11 में विवान प्रथम, जय द्वितीय, दक्ष तीसरे स्थान पर रहे। आयु वर्ग 13 में पार्थ प्रथम, मोहित दूसरे तथा सौम्य तीसरे स्थान पर रहे। आयु वर्ग 15 में पुलकित भारद्वाज प्रथम, पुलकित दूसरे तथा रक्षित जैन तीसरे स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में वैभव शर्मा प्रथम, ऋतिक द्वितीय व प्रियांशु तीसरे स्थान पर रहे। मिक्स डबल में प्रियांशु व वैभवी की जोड़ी प्रथम तथा साहिल व देवांगी की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। लक्की डबल में पार्थ व अंकित की जोड़ी प्रथम तथा नवीन व लक्ष्मी की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। वेटरन वग में वैभव दिनकर पहले कपिल भारद्वाज दूसरे व मनीष गोयल तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर रेफरी प्रमोद यादव, हेमंत अग्रवाल, विवेक भार्गव, मनोज गोयल, देवेंद्र गुप्ता, राजीव रूस्तगी, आलोक सिंहल, राजेंद्र यादव, रजनी गुप्ता, नवीन खुराना, कपिल भारद्वाज, नितेश सिंह, सनी, मनीष गोयल, राकेश लखानी उपस्थित रहे।

आशा कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय पर हल्ला बोल, धरना-प्रदर्शन कर दी गिरफ्तारियां

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। पिछले लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला सचिवालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन कर गिरफ्तारियां दी। सैंकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता जिला सचिवालय के सामने सडक़ पर ही धरने पर बैठ गई। करीब तीन घंटे तक धरने पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं ने इसके उपरांत अपनी गिरफ्तारियां भी दी। कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन व गिरफ्तारी को लेकर भारी संख्या में पुलिस जिला सचिवालय पर तैनात किए गए।

जानकारी के अनुसार आशा कार्यकर्ताओं के तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को करीब 11 बजे भारी संख्या में कार्यकर्ता शहर के अग्रसेन चौक के निकट स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क में एकत्रित हुई। यहां से करीब 12 बजे सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आशा कार्यकर्ता जिला सचिवालय पहुंची। सचिवालय पहुंचने के बाद सभी कार्यकर्ता जिला सचिवालय के बाहर सडक़ पर ही धरना देकर बैठ गई। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनेक वक्ताओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ अनेकों कार्य भी करती है। जबकि उन्हें वेतन नाममात्र का ही दिया जाता है। इसलिए आशा कार्यकर्ता पिछले लंबे समय से वेतनमान बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन सरकार उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

हरियाणा सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना की अधिसूचित

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की ओर से ग्राम पंचायतों औन शहरी निकायों में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने व गांव में छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 अधिसूचित की गई है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों और नगर निकायों को विभिन्न प्रकार का खेल का सामान अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यानि 31 मार्च 2024 तक वैध रहेगी। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि हरियाणा सरकार की इस योजना से जिला में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा युवा इन खेलों की ओर उन्मुख होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतें व शहरी निकाय इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए तभी पात्र होंगे यदि संबंधित गांव व शहर में संबंधित खेल के लिए उचित खेल का मैदान (एफओपी) उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसके तहत खेल का सामान उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसकी उचित रसीद आवेदक को दी जाएगी। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों का रिकॉर्ड इस प्रयोजन के लिए बनाए गए रजिस्टर में प्राप्ति के कालानुक्रमिक क्रम में दर्ज किया जाएगा। आवेदन किसी भी कार्य दिवस में जमा करवाए जा सकते हैं। ग्राम पंचायतों के मामले में, संबंधित गांव का सरपंच आवेदन जमा करा सकता है। सरपंच का पद रिक्त होने की स्थिति में ग्राम सचिव आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निकायों के मामले में आवेदन संबंधित वार्ड सदस्य/परामर्शदाता द्वारा जमा किए जाएंगे। खेल के मैदान की नवीनतम तस्वीरों को आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है, जिसमें तस्वीर पर तारीख और स्थान का उल्लेख होना चाहिए।

ताले की चाबी बनाने वाले मिस्त्री की हत्या के आरोपी गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। जिले के धारुहेड़ा कस्बा में ताले की चाबी बनाने वाले मिस्त्री की हत्या करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला पलवल के थाना हसनपुर वार्ड नंबर 7 मोहल्ला सिकलीगर निवासी रवि सिंह पुत्र विक्रम सिंह, यूपी के जिला बुलंदशहर के गाँव फिरोजपुर थाना जहांगीरपुर निवासी यशपाल पुत्र सतबीर सिंह, बिहार के जिला मुजफ्फरपुर के गाँव गोरैया हाल किरायेदार जयसिंह चौक रामपुरा गुरुग्राम निवासी मौहम्मद शाहिद राजा उर्फ मौहम्मद आशिफ राजा पुत्र मौ. मेनुदीन व जिला पलवल के थाना हसनपुर वार्ड नंबर सात मोहल्ला सिकलीगर निवासी मोहित सिंह पुत्र गब्बर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई कार को बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पलवल जिला निवासी 36 वर्षीय सुभाष पिछले काफी समय से धारुहेड़ा में ताले की डुप्लीकेट चाबी बनाने काम किया करता ता। गत 20 सितंबर को कार में पहुंचे कुछ लोग सुभाष को एक ताले की चाबी बनवाने के बहाने अपने साथ ले गए थे। देर सायं तक सुभाष जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरु की। परिजनों ने धारुहेड़ा थाना पुलिस को भी सुभाष के गुमशुदगी की सूचना दी।

पीपीपी में दर्ज जन्मतिथि सत्यापन के लिए 26 से 29 तक लगाए जाएंगे विशेष कैंप

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि सत्यापन के लिए जिला के नगर परिषद व नगर पालिका क्षेत्र सहित जिला के सभी खंडों में मंगलवार 26 सितंबर से शुक्रवार 29 सितंबर तक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन कैंप में परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि से संबंधित सत्यापन का कार्य किया जाएगा ताकि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए परेशान न होना पड़े। एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कैंप के दौरान सभी टीम लीडर की उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी सभी खंड शिक्षा अधिकारी सुचारु रुप से टीम लीडर के लिए स्कूल कंप्यूटर की व्यवस्था सहित कंप्यूटर टीचर्स व लैब असिस्टेंट की ड्यूटी टीम लीडर के साथ लगाना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम

मंत्री ओमप्रकाश यादव ने लाभार्थियों को वितरित किए विभिन्न योजनाओं के चेक

पीपीपी से ऑटो मोड में बन रही वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन : ओमप्रकाश

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में 570 लाभार्थियों को दिया गया 3 करोड़ 2 लाख 10 हजार रुपए का लाभ

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभांवित कर रही है। प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर नजर आने लगा है। सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत वृद्धजनों व दिव्यांगजनों की घर बैठे बिठाए स्वत- ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनाई जा रही है। राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव सोमवार को शहर के लोकनिर्माण विश्राम गृह में प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही डा. भीम राव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना, डा. भीम राव अंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभार्थियों को निर्धारित राशि के चैक वितरित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिला में चालू वित्त वर्ष के दौरान डा. भीम राव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 64 लाभार्थियों को 51 लाख 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत एक लाभार्थी को 2.50 लाख रुपए, डा. भीम राव अंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना के तहत 2287 लाभार्थियों 1 करोड़, 73 लाख 33 हजार रुपए तथा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 570

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के अधार पर किया जाए समाधान : राज्य मंत्री

इसके उपरांत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी आमजन को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत दिए जाने वाले लाभ के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से लोगों से संवाद करें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, सहायक प्रदीप यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खबर फटाफट

पूर्व डीईओ ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति व शहीदों के अनेक संस्मरण सुनाए

नारनौल। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद् धर्मवीर ने आज राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कनीना का दौरा किया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से उनकी शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने जालूरा शौर्य महोत्सव के लिए रिहर्सल कर रही विद्यार्थियों से बात की तथा राष्ट्रभक्ति व शहीदों के अनेक संस्मरण भी सुनाए। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचाने व उन्हें आगे बढने् के समुचित अवसर दें क्योंकि इस क्षेत्र में अनेक प्रतिभाएं छिपी हैं जो सिर्फ एक अवसर के इंतजार में है। विद्यालय के मुख्य अध्यापक नरेश कौशिक ने पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया तथा उनके द्वारा बतौर डाईट प्राचार्य किए गए शैक्षिक विकास कार्यों की चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक कैलाश, राजेश शास्त्री, शीला देवी शालिनी प्रधान, राकेश कुमार डीपी, संदीप कुमार, शीतल चौहान, कश्मीरी निमल, एसएमसी सदस्य हेमलता सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष को जयन्ती पर याद किया भाजपा पदाधिकारियों ने

नारनौल। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बाछौद मंडल के गांव तिगरा में मंडल अध्यक्ष अशोक लांबा की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कार्यक्रम जिला संयोजक सुरेश शर्मा विशेष रूप मे उपस्थित रहे। इनके साथ जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र लांबा, बी सी मोर्चा के जिला महामंत्री सुनील, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भवानी शंकर खोड़, पहलवान सीताराम, मुकेश महासर, अनिल आदि गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर मंडल महामंत्री बजरंग लाल शर्मा ने इनका स्वागत किया व कार्यक्रम का संचालन किया अमित हुड्डा एकेडमी रोहतक राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक,रेड आर्मी टीम तीसरे स्थान पर रही। चौथे स्थान पर एमडीयू रोहतक रही। कुश्ती दंगल 21 हजार रुपये में बलजीत बाघोत रहे। सुरेश शर्मा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज जो अंतिम व्यक्ति तक जो लाभ पहुंच रहा है। सोच पंडित दीनदयाल उपाध्याय की थी।

बावल की मेघा ने लगाई सबसे लंबी छलांग, कबड्डी में अमित हुड्डा रोहतक की टीम रही पथम

नारनौल। बाबा गूगा का मेला बाबा गूगाणा की बणी ग्राम भौड़ी में आयोजित हुआ। मेले में लड़कियों की दौड़ में हांसी की वीनू प्रथम व बुचौली की पूजा दूसरे स्थान पर रही। लंबी कूद में बावल की मेघा ने सबसे लंबी छलांग लगाई, जबकि खोल की चंचल दूसरे स्थान पर रही। लडक़ों की 800 मीटर की दौड़ में आदमपुर का मोहन व मोहित प्रथम व दूसरे स्थान पर रहे। लडक़ों की लंबी कूद में रेवाड़ी का अविनाश प्रथम व भाखली का खेतानाथ दूसरे स्थान पर रहा। बुजुर्गों की दौड़ में पलवास का रामभक्त प्रथम व बाढड़ा का रामकिसन दूसरे स्थान पर रहा तथा हिसार का सतपाल तीसरे स्थान पर रहा। गांव के सरपंच प्रदीप ने खेलों का ध्वजारोहरण कर शुभारंभ करवाया तथा विजेता खिलाडिय़ों ने इनाम देकर सम्मानित किया। मेले में यादराम बाबू जी ने देशी घी का भंडारा किया जो पूरे दिन चलता रहा। नेशनल कबड्डी में अमित हुड्डा एकेडमी रोहतक प्रथम रही तथा रोहतक राजीव गांधी स्टेडियम की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर रेड आर्मी टीम रही। चौथे स्थान पर एमडीयू रोहतक रही। कुश्ती दंगल 21 हजार रुपय कां बलजीत पहलवान बाघोत के नाम रहा। प्रथम टीम को 1 लाख 11 हजार, द्वितीय को 71 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।

खटीक समाज संत शिरोमणि दुर्बल नाथ शिक्षा सदन एवं कोचिंग सेंटर का निर्माण कर रहा है: प्यारे लाल

नारनौल। संत शिरोमणि दुर्बल नाथ शिक्षा सदन एवं कोचिंग सेंटर रोहतक के प्रधान प्यारेलाल कटारिया व वरिष्ठ उप प्रधान लक्ष्मी नारायण कमवाल ने कहा कि रोहतक में खटीक समाज की ओर से संत शिरोमणि दुर्बल नाथ शिक्षा सदन एवं कोचिंग सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इस कोचिंग सेंटर के निर्माण के बाद पूरे देश के समाज के बच्चों के अलावा अन्य समाज के गरीब बच्चों को भी निशुल्क कोचिंग और उनके रहने की व्यवस्था की जाएगी। वे सोमवार को यहां सेंटर के उपप्रधान नरसिंह दायमा के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका समाज पहले जागृत नहीं था। यही कारण रहा है कि समाज के लोग इतने ऊंचे पदों पर नहीं है जा पाए, जहां पर उन्हें होना चाहिए। जबकि कई अन्य समाजों के लोगों ने काफी तरक्की की है। इसी को देखते हुए अब वह आगे आए हैं तथा उनके साथ पूरी टीम तैयार हुई है, जो समाज के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सुरेन्द्र बहल को संस्थान का महासचिव एवं प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज बन्धुओं द्वारा इस संस्थान को बनाने के लिए काफी सहयोग किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि अब तक रोहतक में बनने वाले इस शिक्षा सदन एवं कोचिंग सेंटर की प्रथम मंजिल का कार्य लगभग पूरा हो गया है। अभी यहां पर तीन मंजिला भवन बनना है। इस भवन में दूर दराज के क्षेत्र से आए विद्यार्थियों के ठहरने के लिए छात्रावास का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि वहीं पर रहकर बच्चे कोचिंग लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके। जिससे समाज को आई ए एस, आई पी एस, व उच्चाधिकारी मिल सके।

अपनी मांगों के समर्थन में गरजीं आशा वर्कर्स

जेल भरो आंदोलन के तहत दी गिरफ्तारियां

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल। नारनौल में आज जिला भर की आशा कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन कर लघु सचिवालय में जाकर जेल भरो आंदोलन के तहत गिरफ्तारियां दी। इस मौके पर करीब 300 आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी दी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट पब्लिक हेल्थ के एसडीओ अशोक कुमार ने सभी आशा कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी लेकर मौके पर ही उनको थोड़ी देर बाद रिहा कर दिया। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। अपनी मांगों को लेकर कई दिनों से आशा कार्यकर्ता आंदोलन कर रही हैं। इसके तहत समय-समय पर वे जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन आदि भी दिए। आशा कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग उनका न्यूनतम वेतन 26000 रुपए प्रति माह वेतन करने की मांग कर रही हैं। इसी मांग को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने आज नारनौल शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ता सुबह करीब 11 बजे सुभाष पार्क में एकत्र हुई। इसके बाद उन्होंने शहर में प्रदर्शन किया। आशा कार्यकर्ता सुभाष पार्क से शुरू होकर महावीर चौक होते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। लघु शौचालय पहुंचने के बाद आशा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। वहीं अपने पूर्व निर्धारित जेल भरो आंदोलन कार्यक्रम के तहत लघु सचिवालय में संयुक्त रूप से गिरफ्तारी दी। इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए अशोक कुमार एसडीओ ने संयुक्त रूप से गिरफ्तार कर उन्हें मौके पर ही रिहा कर दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आईटीआई में सेमिनार व स्वच्छता रैली का आयोजन किया

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल। नेहरू युवा केंद्र नारनौल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के मौके पर राजकीय आईटीआई नारनौल में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर अपने विचार रखें। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने युवाओं से महापुरुषों के जीवनी के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर एक युवा देश का उज्ज्वल भविष्य है जो देश को सामाजिक, आर्थिक विकास में सही योगदान दे सकता है। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नारनौल की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए स्वच्छता के नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र से लेखाकार महेंद्र ने युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर राजकीय आईटीआई से सुदर्शन कुमार, जगदीश, शक्ति सिंह यादव, हेमंत कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

पर्यावरण की समीक्षा को लेकर डीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

नारनौल। वायु गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए हरियाणा के एनसीआर जिलों में डीजी सेट के उपयोग के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन कमिशन ने नए नियम जारी किए हैं। यह नियम सभी पर लागू होंगे। अधिकारी इन नियमों को लागू करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज पर्यावरण की समीक्षा के लिए बुलाई बैठक में दिए। डीसी ने बताया कि 1 अक्टूबर से दोहरी इंधन किट या ईसीडी का रेट्रो-फिटमेंट वाले जनरेटर सेट ही चलाए जा सकेंगे। यह कार्य इसी माह तक पूरा होना चाहिए। ऐसा न होने पर किसी भी परिस्थिति में कोई भी जनरेटर सेट नहीं चलाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले ग्रेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत प्रतिबंध की अवधि के दौरान आवश्यक सेवाओं (बिना किसी उत्सर्जन नियंत्रण और प्रदूषण निवारण उपायों के भी) के लिए डीजी सेट की अनुमति दी गई थी। ऐसे में अब अस्पतालों, आवासीय/कार्यालय परिसरों, वाणिज्यिक संस्थाओं आदि को भी दोहरी ईंधन किट या ईसीडी का रेट्रो-फिटमेंट वाले जनरेटर सेट लगवाने होंगे।

मांगों को लेकर नपा कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर रहे

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल। विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने आज से काम छोड़ो हड़ताल शुरू की। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल के कारण शहर में अनेक जगह गंदगी की ढेर लग गए। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। वहीं नगर परिषद के नौ कर्मचारी कार्मिक अनशन पर भी रहे। हड़ताल के चलते नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर परिषद परिसर में धरना देकर नारेबाजी की। हड़ताल में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों के अलावा अग्निशमन के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने कहा कि कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है कि स्थानीय नगर परिषद के कर्मचारियों का 2018 से एरियर बकाया है। वहीं यहां के कर्मचारियों को समान काम समान वेतन नहीं दिया जा रहा है, जबकि प्रदेश की अन्य पालिकाओं और परिषद में समान काम समान वेतन मिल रहा है। यूनियन के कर्मचारी कई बार ज्ञापन के माध्यम से भी नगर परिषद के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं कि कर्मचारियों का बकाया एरियर जल्दी दिया जाए। वही कर्मचारियों की अन्य मांगी भी नगर परिषद के अधिकारी नहीं मान रहे हैं। जिसके चलते उन्होंने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह 25 सितंबर को काम छोड़ हड़ताल शुरू कर देंगे। इस मौके पर जिला प्रधान राहुल सारवन के अलावा महेंद्र कुमार, रोशन लाल, महावीर प्रसाद, निरंजन लाल, भीम सिंह, दौलत राम, विनोद, जसवंत, विक्रम, विजय, राजू, सुनीता देवी, बबीता और महावीर प्रसाद आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई। शहर के बाजारों में मोहल्ले में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने सुनी सफाई कर्मचारियों की शिकायतें

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल, महेश कुमार (पंजाब केसरी)= हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी व्यवस्था का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इसके लिए एक एप तैयार किया जा रहा है। इस जीपीएस आधारित एप से हाजिरी के बाद उसे समय पर सैलरी मिल सकेगी। श्री कुमार आज पंचायत भवन में अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने जिला के सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के प्रति सरकार संवेदनशील है। सरकार ने इस वर्ग के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रखी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगे हुए सफाई कर्मचारीयों को जल्द ही एक ऐप तैयार करके दिया जाएगा जिसके माध्यम से वे अपनी सफाई करते हुए फोटो उपलब्ध करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर इस कार्य में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए यह व्यवस्था शुरू की जाएगी। जिला महेंद्रगढ़ में 531 ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यरत है। श्री कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सफाई कर्मचारियों को समय पर सैलरी मिले तथा उनका वर्दी भत्ता भी सही समय पर दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेनहाल के अंदर किसी भी कर्मचारी को न उतारा जाए। इसके लिए मशीन का उपयोग किया जाए। आने वाले समय में मैनहोल को साफ करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रयोग करने की और कदम बढ़ाए जाएंगे। चेयरमैन ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हादसे में जान गंवाने वाले कर्मचारी को संबंधित एजेंसी से उचित मुआवजा दिलाया जाए। अगर कोई एजेंसी इसमें आनाकानी करती है तो उसे ब्लैक लिस्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंध में 10 दिन के अंदर-अंदर एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मचारियों का साल में दो बार मेडिकल चेकअप किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। कोई बच्चा अच्छे नंबर लेकर आता है तो अधिकारी उसके घर जाकर होंसला अफजाई करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया है। यह आयोग लगातार सफाई कर्मचारी के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहा है। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला नगर आयुक्त उदय सिंह, नगराधीश डॉ मंगल सेन, डीपीओ आशीष मान के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

सीकर रैली से जेजेपी ने राजस्थान में कर दिया है चुनाव का शंखनाद: डा. मनीष

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल। चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती पर सीकर में आयोजिन किसान विजय सम्मान रैली में पहुंची रिकार्ड तोड़ भीड़ ने सिद्ध कर दिया है कि जेजेपी राजस्थान की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाली है। इस रैली में जिला महेंद्रगढ़ से भी महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढक़र भाग लिया तथा रैली को बेहद कामयाब बनाने में अपना योगदान दिया। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इसके लिए जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने समूचे जिले की जनता एवं राजस्थान के लोगों का आभार प्रकट किया है। जेजेपी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि सीकर रैली से जेजेपी ने राजस्थान में चुनाव का शंखनाद कर दिया है तथा राजस्थान में जेजेपी की सरकार बनने पर हरियाणा की भांति ही निजी क्षेत्र में स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण निश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की तुलना में भौगोलिक दृष्टि से काफी विस्तृत राजस्थान की जनता ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिल खोलकर अपना आशीर्वाद दे दिया है और अब आने वाले चुनावों में जेजेपी की चॉबी से ही विधानसभा का ताला खुलेगा। उन्होंने कहा कि सीकर के खेल स्टेडियम में उमड़ी लाखों की भीड़ ने सिद्ध कर दिया है कि जेजेपी का भविष्य एकदम सुनहरा एवं उज्ज्वल है। जिले की तरफ से इस रैली में 30 बसें एवं 500 गाडिय़ों का काफिला इस रैली में पहुंचा। उन्होंने जिले के सभी समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता इस बड़ी सफलता के लिए बधाई के पात्र हैं। जिले के चारों हलकों के कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई है।

किसान 27 तक करवा सकते हैं कपास की फसल का पंजीकरण: उपायुक्त

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

कपास की फसल खराब होने पर 30 हजार रुपए प्रति एकड़ तक दी जाएगी वित्तीय सहायता

इसके लिए किसान को 1500 रुपए प्रति एकड़ जमा करवाना होगा शुल्क

नारनौल। हरियाणा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से हरियाणा फसल सुरक्षा योजना के तहत जिला महेंद्रगढ़ के किसान मामूली शुल्क के साथ 27 सितंबर तक अपनी कपास की फसल का पंजीकरण करवा सकते हैं। इस पर मात्र पांच प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करवाना होगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के किसान मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर कपास की फसल के नुकसान की अवस्था में सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा राशि प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कपास की फसल खराब होने पर अधिकतम वित्तीय सहायता 30 हजार रुपए प्रति एकड़ तक दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसान को 1500 रुपए प्रति एकड़ शुल्क जमा करवाना होगा। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001802117 तथा एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते हैं।

19 केवी से नीचे के जनरेटर सेट को रहेगी छूट

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

नारनौल। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि नए नियमों के तहत बिजली उत्पादन सेट एलपीजी, बायोगैस, प्रोपेन, बुटेन व प्राकृतिक गैस पर चलने वाली सभी क्षमता के जनरेटर सेट पर जीआरएपी की अवधि के दौरान भी कोई प्रतिबंध नहीं है। पोर्टेबल डीजी सेट 19 किलोवाट से कम को भी प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि 19 किलोवाट से 125 किलोवाट से कम दोहरे ईंधन मोड (प्राकृतिक गैस और अवधि के अलावा अन्य अवधि डीजल) करवाना होगा। इस तकनीक को अपनाने के बाद कोई प्रतिबंध नहीं है। लेकिन ग्रैप के दौरान अधिकतम 2 घंटे तक चलने की अनुमति दी जाएगी। इसी तरह 125 किलोवाट से 800 से कम दोहरे इंधन मोड पर कोई प्रतिबंध नहीं (यहां तक कि जीआरएपी के तहत किलोवाट और रेट्रो-फिट अवधि के दौरान भी) प्रमाणित विक्रेताओं/एजेंसियों के माध्यम से ईसीडीएस। इसके अलावा 800 किलोवाट और उससे अधिक दोहरी ईंधन मोड उत्सर्जन नियंत्रण जीआरएपी के अलावा अन्य अवधि के दौरान कोई या कोई प्रतिबंध नहीं। जीआरएपी के दौरान सिस्टम को अधिकतम 2 घंटे तक चलाने की अनुमति दी जाएगी। बैठक में एसडीएम मनोज कुमार व आरओ पॉल्यूशन कृष्ण कुमार के अलावा के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नमन किया | पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

पंडित दीनदयाल सशक्त भारत का निर्माण चाहते थे: शर्मा

भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। सोमवार को जयराम सदन महेंद्रगढ़ में जनसंध के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऋषि पुरुष, अंत्योदय के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी व महान विचारक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक के चिंतक और संगठन कर्ता थे। वे जनसंध के राष्ट्रीय जीवन निर्माता माने जाते थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का उद्देश्य स्वतंत्रता की पुर्न रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व दृष्टि प्रदान करना था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युवा अनुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकांत्मक मानववाद की विचारधारा दी। श्री शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण चाहते थे। उन्होंने राजनीति के अतिरिक्त साहित्य द्वारा भी लेख लिखकर देश की एकता और अखंडता की मजबूती के लिए कार्य किया। उन्होंने अपना पुरा जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए लगाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखें जो विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का शिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से महेंद्रगढ़ कावड़ ला रहे उनके विधानसभा क्षेत्र के गांव सुरहेती पिलानिया के कावडिय़ों की एक हादसे में हुए निधन पर अनुदान देने पर आभार प्रकट किया। पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने बताया कि महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सज्जन पुत्र भल्लेराम को पांच लाख रूपये, प्रवीन पुत्र महेंद्र सिंह को पांच लाख रूपये, कपिल पुत्र रामकिशन को पांच लाख रूपये व विकास पुत्र राज सिंह को तीन लाख रूपये का अनुदान दिया। उन्होंने कहा कि यह सभी मृतक महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव सुरती पिलानियां के थे और हरिद्वार से कावड़ लाते समय एक दुर्घटना में इनका निधन हो गया था। इस मौके पर देवेंद्र यादव, सुधीर दीवान, राजेंद्र लांबा, विवेक खैरवाल, पवन खैरवाल, दिनेश यादव, कुलदीप शर्मा,सतबीर भरो, मलखान सिंह,अमित मिश्रा, नौरंग सिंह, मुकेश शर्मा, विद्यानंद लांबा, सतबीर पिलानिया व अजय खेडक़ी सहित अनेकों भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डेडिकेटिड एईआरओ के साथ की वीसी

इंद्रजीत सिंह-भरोसा मित्र

डेडिकेटिड एईआरओ 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं को स्कूल व कॉलेजों में जाकर वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें : अनुराग अग्रवाल

नारनौल। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा अनुराग अग्रवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (एईआरओ) की बैठक ली। हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने डेडिकेटिड एईआरओ को निर्देश दिए कि विशेषकर 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं को स्कूल व कॉलेजों में जाकर वोट बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेज में कैंप लगाकर युवाओं के वोट बनवाएं तथा जागरूकता कैंप की फोटो जिला निर्वाचन कार्यालय में भिजवाएं। साथ ही उन्होंने एईआरओ को निर्देश दिए कि कॉलेज में छात्र-छात्राओं विशेषकर जो महिलाएं मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं है उनको पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के परिवार के सदस्यों के वोट नहीं बने हैं उनके वोट बनवाने के लिए भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला में 18 से 19 आयु वर्ग के युवाओं की मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने की भागीदारी 4.3 प्रतिशत होनी चाहिए। इस अवसर पर नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मंगल सेन, निर्वाचन नायक तहसीलदार विनोद तंवर, सहायक नीरज कुमार व सभी डेडिकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मौजूद थे।

खबर फटाफट

मानव रचना स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-21 सी में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के आसपास के वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी को उनके दांतों की निःशुल्क जांच के लिए आमंत्रित किया गया। यह जांच मानव रचना डेंटल कॉलेज के योग्य दंत चिकित्सकों द्वारा की गई। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एक मोबाइल डेंटल क्लिनिक में काबिल डाक्टरों की टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के दांतों की जांच कर, दांतों की सुरक्षा संबंधी सुझाव भी दिए। इस अवसर पर सभी ने मानव रचना इंटरनेशनल स्कूलए सेक्टर-21 सी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा अनीस को धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

डा. लता सुरेश को मिला अध्विका वार्षिक पुरस्कार 2023

गुरुग्राम। डा लता सुरेश को अध्विका वार्षिक पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया। यह अवार्ड उन महिलाओं को दिया जा रहा है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा राष्ट्रीय एक पहल है। डा लता को यह पुरूस्कार नॉलेज मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 17वें ग्लोबल कम्यूनीकेशन कॉनक्लेव के दौरान सीविल सर्विसेज ऑफीसर्स इंस्टिट्यूट,दिल्ली में दिया गया । यह पुरूस्कार रक्षा पर संसदीय स्थायी समिति के चेयरमैन जुआल ओरम (एमपी), डॉ वेणु गोपाल कुलपति बैंगलोर विश्वविद्यालय, विनोद जुत्शी (पूर्व सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार) एम बी जयराम, मैन्टर व चैयरमैन एमैरीटस पीआर सी आई, जेपी शर्मा गुरमुख सिंह बावा, गीता शंकर आदि द्वारा एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया जहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मीडिया व पी आर जगत से कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस ग्लोबल कॉनक्लेव में दूसरे सेशन रीइंवेंटिंग कल्चर इन डिजिटल ऐज की मोडरेटर व स्पीकर भी थी ।

लैपटॉप चोरी करने वाले युवक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। डिलीवरी के लिए ले जाए गए लैपटॉप को चोरी करने के मामले में पुलिस ने सामान डिलीवरी करने वाले आरोपी सहित 3 आरोपियों को काबू किया है, जिनके कब्जे से 21000 नगदी व 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 सितम्बर को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी झाड़सा में शिकायत दी कि 16 सितम्बर को उसके यहां अमेजॉन के ऑर्डर डिलीवरी करने के लिए रखे हुए एक लडे` द्वारा साइबर पार्क सेक्टर 38 में डिलीवरी के लिए ले जाए गए सामान में से 3 लैपटॉप चोरी कर लिया गया है। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों विष्णु, अक्षय व जॉनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी अक्षय व जोनी फेक आईडी बनाकर सामान ऑर्डर करते थे तथा डिलीवरी करने वाले विष्णु के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

अवैध शराब सहित कैंटर चालक काबू

गुरुग्राम। अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब से भरे कैंटर सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से कैंटर व 474 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा पालम विहार ने सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर कार्यवाही करते हुए रात्रि नाकाबन्दी कर द्वारका एक्सप्रेस-वे नजदीक चर्च बजघेडा से शराब से भरे एक कैन्टर को उसके चालक सहित काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा कैन्टर चालक से गाड़ी व शराब से सम्बन्धित दस्तावेज मांगे तो वह कोई वैध दस्तावेज पेश नही कर सका। कैंटर चालक द्वारा पुलिस टीम को दिखाए गए बिल पुलिस जांच में फर्जी पाई जाने पर आरोपी के खिलाफ थाना बजघेड़ा में मामला दर्ज किया गया तथा आरोपी कैन्टर चालक बलराज गिरफ्तार किया गया। आरोपी कैन्टर चालक से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसके कब्जा से बरामद हुई शराब को वह चंडीगढ़ से गाड़ी में भरकर लेकर आया था और उसको गुरुग्राम तक लाने के लिए कहा गया था। उसने पुलिस को चकमा देने के इरादे से फर्जी बिल तैयार कराए थे परन्तु गुरुग्राम में एंट्री करने के कुछ समय बाद ही गुरुग्राम पुलिस ने इसको गाड़ी में भरी अवैध शराब सहित काबू कर लिया।

चोरी में शामिल युवक दबोचा

गुरुग्राम। चोरी की वारदातों में शामिल एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 2200 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च को बिजली विभाग ने एक शिकायत थाना सैक्टर-29 में दर्ज कराई कि 2 नवम्बर 2022 से 27 फरवरी 2023 के बीच लेजर वैली पार्क सैक्टर 29 में सरस मेले के दौरान इलेक्ट्रिकल सामानचोरी हो गया है तथा एक व्यक्ति ने 18 जुलाई को इफको चौक से बैग चोरी होने के संबंध में दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पंकज को गिरफ्तार कर लिया।

अवैध शराब सहित युवक पकड़ा

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को 4 पेटी देशी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा मानेसर द्वारा जोगिंदर निवासी गांव भुडका नामक एक व्यक्ति को अंसल प्लाजा तावडू रोड बिलासपुर से अवैध शराब सहित काबू किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी युवक के कब्जे से 4 पेटी देशी अवैध शराब बरामद करने पर उसके खिलाफ थाना बिलासपुर में मामला दर्ज किया गया है।

पृथला के विकास को समर्पित है वर्ष 2023 : नयनपाल

विधायक ने किया 8.50 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास

बोले, इतना विकास करवाएंगे कि अगली पिछली सभी कोर कसर पूरी कर दी जाएगी

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने क्षेत्र के लोगों को साढे आठ करोड़ के विकास कार्यो की सौगात दी। इस दौरान विधायक श्री रावत ने सीकरी से हरफला 3.09 करोड़ (1.950 किलोमीटर) चौड़ीकरण, हरफला से मोहला 2. 42 करोड़ (2.200 किलोमीटर), हरफली से सेहराला 1.32 करोड़ (3 किलोमीटर), खंदावली से भनकपुर 1.17 करोड़ (2.300 किलोमीटर) चौड़ीकरण तथा जवा से घाघोंट 51 लाख (1.300 किलोमीटर) सडक़ों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक रावत ने ग्रामीणों से नारियल फुड़वाया और उन्हें विश्वास दिलाया कि जल्द ही यह सडक़ें बनकर तैयार हो जाएगी, जिससे हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियतें मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रमों में गांवों के मौजिज लोगों ने विधायक नयनपाल रावत का सम्मानरुपी पगड़ी बांधकर ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि वर्ष 2023 विकास को समर्पित है, इस साल में वह क्षेत्र में इतना विकास करवाएंगे कि अगली पिछली सभी कोर कसर पूरी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधानसभा भेजकर जो मान सम्मान दिया है, उसके लिए वह ताउम्र उनके अभारी है और एक जनसेवक बनकर इस क्षेत्र की सेवा कर रहे है। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उनके मन में क्षेत्र के लिए बहुत कुछ करने की इच्छा था लेकिन कोराना महामारी ने पूरी दुनिया को थाम लिया, लोगों का लोगों से मिलना बंद हो गया और करीब तीन साल बाद जीवन पटरी पर लौटा और अब जब सब ठीक चल रहा है और ऐसे में उन्होंने क्षेत्र के विकास का बीड़ा उठाया हुआ है और इसी के चलते इस साल में अधिक से अधिक विकास कार्यो करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनकी जो-जो समस्याएं है, उन्हें हरसंभव प्रयास करके दूर करवाया जाएगा। इस दौरान विधायक नयनपाल रावत ने गांव सीकरी में ग्राम सचिवालय तथा गलियों एवं चौपाल का उद्घाटन भी किया। इन विकास कार्यो पर करीब 51 लाख की लागत आई है। इस अवसर पर विधायक नरेंदर गुप्ता, टिपर चंद शर्मा, सरपंच विवेक, चंदरपाल चैयरमेन, अजय डागर सरपंच, सीडी शर्मा, गुलशन सरपंच, अजय डागर सरपंच, सुरेश सरपंच, नरेश सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

फरीदाबाद के तीन पटवारी सस्पेंड

दो पटवारियों को कारण बताओ नोटिसः डीसी

निरीक्षण के दौरान फरीदाबाद शहर के पटवारी ड्यूटी से मिले थे गायब

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि उन्होंने अजरौंदा स्थित पटवार घर का पिछले सोमवार को निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान फरीदाबाद शहर के पटवारी प्रतीक मंगला व अजरौंदा के पटवारी कृष्ण पाल ड्यूटी से गायब मिले थे। इन पर कार्रवाई करते हुए दोनों पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं अलग-अलग मामलों में शिकायत मिलने पर तीन पटवारियों को सस्पेंड भी किया गया है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि गुच्छी के पटवारी मनोज कुमार के सहायक को रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया था। इसके बाद इस मामले में मनोज कुमार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं प्याला गांव के पटवारी रविंद्र कुमार की समय पर कार्य न करने की शिकायत मिली थी और इसी आधार पर उसे सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के पटवारी आदेश के खिलाफ अनुशासनहीनता की शिकायत मिली थी। इस पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए इस मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के बाद पटवारी आदेश को सस्पेंड कर दिया गया है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी भ्रष्टाचार, समय पर आमजन का कार्य न करना और अनुशासनहीनता जैसे मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में सभी कर्मचारी आमजन का कार्य समय से करें ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो।

समाज की मांगों को लेकर लोकसभा अध्यक्ष से मिले योगी

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिला। योगी ने ओम बिरला के समक्ष अपने समाज को राजनैतिक भागीदारी दिए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि हमारा समाज निरंतर उपेक्षा के कारण राजनैतिक रूप से हाशिये पर धकेल दिया गया लेकिन वह अपनी हिस्सेदारी के लिए स्वाभाविक रूप से भाजपा की ओर निहार रहा है। योगी तेजपाल सिंह एवं प्रतिनिधियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पटका पहनाकर एवं बुक्के देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी तेजपाल सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष को संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यो को बारे में बताया कि उनका यह संगठन पिछले कई वर्षों से समाज हित में कार्य कर रहा है। जिसमें वह बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करवाने में सहायता प्रदान करते हैं। तेजपाल ने बताया कि उनका यह संगठन सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करता है। योगी तेजपाल सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि योगीए जोगीए नाथ समाज के लोग हमेशा से ही भाजपा के स्वाभाविक समर्थक रहे हैं। हमारेसंगठन की ओर से भाजपा के साथ मिलकर कई बड़े कार्यक्रम भी किए गए हैं। लेकिन उनके समाज के लोगों को राजनीति में कोई बड़ी जिम्मेदारी कभी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि विभिन्न प्रदेशों में आगामी विधानसभा चुनावों में हमारे समाज को राजनीति में उचित भागीदारी दी जानी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने योगी तेजपाल सिंह का मांग पत्र लेते हुए आश्वासन दिया कि अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन की सभी मांगों को वह भाजपा में शीर्ष नेतृत्व के सामने रखेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय, विरेंद्र सिंह बडगुज्जर एडवोकेट, पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष चमन सिंह उपाध्याय, प्रदेश प्रभारी नकुल उपाध्याय, विपिन कुमार एलआईसी मेरठ, जिला मुजफ्फरनगर महामंत्री तेजपाल सिंह उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : शर्मा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान ने पीढ़ियों को प्रेरित किया

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले ÷सेवा पखवाडा÷ के तहत भाजपा ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा फ़रीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी भावांजलि अर्पित की । केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीजोशी, अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्ष नीरा तोमर, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,भाजपा सोहनपाल सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फरीदाबाद के अलग अलग मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन और उनके विचारों को कार्यकर्ताओं के सामने रखा । भाजपा जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद के 1069 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और उनके जीवन दर्शन को कार्यकर्ताओं के सामने रखते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था । उन्होंने प्रशासनिक परीक्षा दी, उत्तीर्ण भी हुये किन्तु अंग्रेज सरकार की नौकरी नहीं की । 1937 में छात्र जीवन के दौरान पंडित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये और संघ के जीवनव्रती प्रचारक बन गये । श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ की स्थापना की । पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक थे । उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन और अन्त्योदय जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी । एक लेखक के रूप में 'अखंड भारत क्यों हैं', 'राष्ट्र जीवन की समस्याएं', 'राष्ट्र चिंतन' और 'राष्ट्र जीवन की दिशा' आदि साहित्यिक कृतियां लिखी । समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया । देश के प्रधानमंत्री मोदी उनकी विचारधारा पर चल देश के गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, मजदूर और किसान के हित में लगातार कार्यरत हैं और देश के हर व्यक्ति को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं । इस अवसर पर जिला विस्तारक मनजीत जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, लख्मीचंद भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, प्रकाश भाटी, उमा सिंह, सत्येन्द्र दुग्गल, यशराज जाजौरिया,विमल खंडेलवाल, राजकुमार तंवर, सचेत जैन, विपिन यादव, किशोर पारासर व अन्य कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे ।

मोदी के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत रहे हैं पंडित दीनदयाल उपाध्याय

गोपाल शर्मा ने कहा कि बचपन से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नरेंद्र मोदी के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा स्रोत रहे हैं । नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश भर में उनके नाम से अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई, जो अन्त्योदय के उनके सपने को सार्थक करते हुए सभी वर्गों का जीवन बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । भारत को एक देश और समाज के रूप में बेहतर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान ने पीढि ों को प्रेरित किया है, तो नरेंद्र मोदी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दिखाए मार्ग पर चलकर न केवल देश के विकास को नई सोच के साथ गति दी है, बल्कि दुनिया में भारत को अग्रणी देशों में सम्मिलित कर दिया है ।

आमजन की सहायता में सराहनीय कार्य कर रही यातायात पुलिस

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम यातायात पुलिस जहां यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अपना योगदान देती है, वहीं अक्सर देखने में आता है कि वे आमजन के हितों के लिए कई सराहनीय कदम भी उठाती है। यातायात पुलिस के पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज की देखरेख में आम नागरिकों की सहायता व सुरक्षा में सराहनीय कार्य किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए यात्रा के दौरान पेड़ों पर टहनियां जो पेड़ों से आमजन की यात्रा में बाधा उत्पन्न कर रही थी उन सभी को कटवाया गया, जो भी टहनियां रेड-लाईट को दिखने में अवरोध पैदा कर रहे थे उन पेड़ो की टहनियों को कटवाया गया,जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो सके । यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा बरसात के दौरान सडे ों पर हुए गड्ढों को भी यात्रियों की सुविधा के लिए भरवाया गया, जिससे आम नागरिकों को यात्रा के दौरान किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े और वाहनों का संचालन सुचारू हो सके। इस दौरान यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा आम नागरिकों की सहायता के लिए बनाए गए यातायात बूथों को भी नया पेंट कराया गया और उन पर यातायात नियमों से संबंधित स्लोगन भी लिखवाए गए, जिससे आमजन को यात्रा में सुविधा मिल सके। यातायात पुलिस बूथों को नया पेंट कराने का लक्ष्य आमजन द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इन यातायात बूथों से भी मदद ली जा सके और आसानी से आमजन को दिखाई दे सकें। यातायात पुलिस गुरुग्राम सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

सेवा पखवाड़ा के तहत लगाया निःशुल्क शिविर

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईटी दो बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अमृता हॉस्पिटल की टीम द्वारा लोगों को फ्री जांच सेवा दी गई। जिसमें बडख़ल विधानसभा से काफी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कैंप में ऑर्थोपेडिक, पैड न्यूरॉलजी, बीपी, कार्डियोलॉजी, एनसीवी ईसीजी, शुगर सहित कई बीमारियों को लेकर 250 से ज्यादा खासकर सीनियर सिटीजन ने निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाया। इस मौके पर बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने कहा कि आज बड़े ही सौभाग्य की बात है कि मुफ्त शारीरिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। सरकार के कई लाभकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए टीम बैठाई गई है। जो की अंतिम छोर के व्यक्ति को उसका हक मिले इसके लिए कार्य कर रही है कोई भी आकार रोजगार के लिए लोन अप्लाई कर सकता है। कैंप में गोस्वामी श्याम लाल, सुमन बाला, संजय शर्मा, सनी भाटिया, अमित आहूजा, सुशील मेहंदीरता, यशपाल जयसिंह, राजकुमार वोहरा, रमेश भाटिया, सुदेश भाटिया, बलविंदर खत्री, योगेंद्र झाम, आशा रानी सहित काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कार्यक्रम

लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत लगाए कैंप

बच्चों को जेजे, पास्को एक्ट सहित कानूनी जानकारी दी

न्याय किशोर बोर्ड की गतिविधियों की जानकारी बच्चों को अधिक से अधिक पहुंचेः सुकृति गोयल

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति गोयल के कुशल मार्गदर्शन में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भाकरी एवं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी विद्यालय भाकरी में लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को जेजे एक्ट, पास्को एक्ट सहित अन्य कानूनी जानकारी दी। कैम्पों में एडवोकेट जीत सिंह रावत, पीएलवी हरदीप कौर, पीएलवी करण द्वारा बच्चों को बारीकी से जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रवीण कुमार ने भी पास्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डाला। जिला बाल संरक्षण यूनिट से अर्चना सिंह ने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डालते हुए, गुड़ टच - बेड टच की जानकारी दी तथा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के बारे में बताया कि यह टोल फ्री नम्बर है और 24*7 दिन रात बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए कार्य करता है बच्चे मुसीबत के समय चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने भी बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और बच्चों को परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि बताया तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आये ऐसी घटना की जानकारी अपने माता पिता को दे और सुरक्षित रहे। कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल दहिया ने बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने फीडबैक लिखकर उपलब्ध करवाये। जिससे बच्चों की समस्याओं का तार्किक एवं आधुनिक तरीके से समाधान हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा बत्रा, उप प्रधानाचार्य डॉ जीवन ज्योति, मुख्याध्यापिका मंजू रानी व निशी सहित विद्यालय के अध्यापकों में सत्यपाल सिंह शास्त्री, राजकुमार, नरेश कुमार, सुशील कुमार ने भाग लिया।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत गांवों में चलाया सफाई अभियान

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम। जिला के गांव-गांव में डीसी निशांत कुमार यादव की अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा कैंपेन 2023 इन दिनों चलाया जा रहा है। इस अभियान में गलियों से कूड़े-कचरा को साफ किया जा रहा है और जोहड़ों के आसपास रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगवाए जा रहे हैं। गुरूग्राम जिला परिषद की सीईओ अनु श्योकंद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों को गीला औ सूखा कचरा अलग करने के बारे में बताया जा रहा है। दो अक्तूबर तक जारी रहने वाले इस अभियान में ग्रामवासियों को पॉलिथिन के स्थान पर जूट या कपड़े का थैला प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला के गांवों का ओडीएफ प्लस दर्जा बरकरार रखने के लिए सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सफाई रखने तथा घर में बने शौचालयों का इस्तेमाल करने के बारे में बताया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक पिंकी यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में यह स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें गांव के युवा, महिलाएं और विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों से प्लास्टिक कचरा उठाने के लिए ग्रामीणों से श्रमदान करवाया जा रहा है।

खबर फटाफट

आरोपों से तंग आकर युवक ने ब्लेड से खुद का गला रेता

पानीपत : एक युवक ने रेप के आरोप से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसने ब्लेड से अपनी गर्दन रेत ली। फिर स्वयं सिविल अस्पताल पहुंच गया। डॉक्टरों ने यहां उसको दाखिल किया और उसका इलाज किया। उसको सांस लेने में दिक्कत है।यह घटना नूरवाला की है। गंभीर हालत को देखते हुए उसे खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना की सूचना सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को भी दी गई है। अब पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। उसकी पुलिस से मांग है कि आरोपियों पर कार्रवाई की जाए। उस पर लगाए गए आरोप झूठे हैं।

आशा वर्करों ने किया थाने का घेराव

रोहतक : मांगों के समर्थन कर रही आशा वर्करों ने सोमवार को महिला थाने का घेराव करने पहुंची हैं। इससे पहले गांव गूगाहेड़ी से आशा वर्कर कविता की तबीयत बिगड़ने पर उसे साथी महिलाओं ने संभाला। बता दें कि आशा वर्कर पहले लघु सचिवालय में पहुंच थी। यहां उन्होंने चेतावनी दी की अगर आधे घंटे में उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे कोई बड़ा कदम उठाएंगी। इस पर पुलिस की एक बस पहुंची, लेकिन आशा वर्करों ने कहा कि एक गाड़ी में गिरफ्तारी नहीं देंगी। मांगे पूरी न होने पर सोमवार को आशा वर्करों ने जेल भरो आंदोलन के तहत जिला डीसी कार्यालय पर गिरफ्तारियां देने का ऐलान किया था।यूनियन के और सीटू प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा और जिला प्रधान कमलेश लाहली ने कहा कि प्रदेश की आशा वर्कर्स 8 अगस्त से हड़ताल पर हैं। जल्द वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया तो वे आंदोलन तेज किया जाएगा।

भिवानी में सिटी बस सेवा हुई आरंभ

भिवानी : भिवानी, शहर के बाशिंदों को एकबार फिर से सिटी बस सेवा का लाभ मिलना शुरू हो गया है। सोमवार को यहां दो सिटी बसें शुरू की गई हैं। इसके लिए 10 रुपये प्रति सवारी किराया निर्धारित किया गया है। यह सेवा सुबह सात बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलेगी। बता दें कि बस अड्डे से शुरू होकर रोहतक गेट, महम गेट, पुराना बस अड्डा चिड़ियाघर मोड़ से शहीद भगत सिंह चौक, सेक्टर 13-23, शिक्षा बोर्ड, हांसी गेट, घंटाघर और रेलवे स्टेशन तक जाएगी। वापसी में भी इस बस का यही रूट रहेगा। एक अन्य बस घंटाघर, दिनोद गेट, देवसर चुंगी, नई अनाज मंडी और वापसी में रेलवे ओवरब्रिज से होते हुए हनुमान गेट, हनुमान ढाणी, दादरी गेट, रोहतक गेट होते हुए बस अड्डा तक बस चलेगी। इस मौके पर डीआई बलजीत सिंह, राज कुमार तालु, ड्यूटी क्लर्क रमेश डाक्टर आदि मौजूद रहे।

युवकों ने डिलीवरी ब्वॉय को मारी गोली, गंभीर

पलवल : असावटी गांव में सामान की डिलीवरी करने गए एक डिलीवरी ब्वॉय को जिम के बाहर बैठे युवकों ने गोली मार दी। गोली उसकी पीठ में लगी और फेफड़ों में जा फंसी। डिलीवरी ब्वॉय को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि उसकी आरोपितों से कोई रंजिश नहीं है। वह तो उन्हें जानता भी नहीं है। गदपुरी थाना पुलिस घायल की शिकायत पर अज्ञात छह-सात युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी राजबीर ने बताया कि मामले में हथीन उपमंडल के जैनपुर गांव के रहने वाले अनिल ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह 11वीं तक पढ़ा लिखा है और पिछले दो-तीन माह से मिसो कुरियर कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी करता है। जिम के बाहर छह-सात युवक उसे गोलीमार कर मौके से फरार हो गए।

f

चोर को-ऑपरेटिव बैंक से ले गए नगदी और जेवर

अंबाला: बलदेव नगर स्थित को-ऑपरेटिव बैंक में चोर सेंधमारी करके नगदी और जेवर ले गए। दो दिन की छुट्टी के बाद बैंक खुलने पर चोरी का पता चला। बदमाश सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी और डीवीआर भी उठाकर ले गए। पुलिस की जांच एजेंसियों ने भी मौके पर पहुंचकर सुराग जुटाने शुरू कर दिए। कितनी राशि चुराई गई है, समाचार लिखे जाने तक इसका अनुमान नहीं लग पाया था। जानकारी के अनुसार बैंक में कुल 180 लॉकर थे और 32 को कटर से काटा गया है। उसमें से जेवर व नगदी गायब है। जैसे ही बैंक उपभोक्ताओं को चोरी की भनक लगी तो वह भी बैंक के बाहर जमा हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।बैंक अधिकारियों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं कि लॉकर में क्या कुछ था। सभी खाता धारकों को बुलाकर बयान दर्ज किए गए।

कैथल रैली में बहादुरगढ़ से पहुंचे हजारों इनेलो कार्यकर्ता

बहादुरगढ़: ताऊ देवीलाल के 110वें जन्मदिवस पर कैथल में आयोजित हुई सम्मान दिवस रैली में शामिल होने के लिए बहादुरगढ़ से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए। रैली में शिरकत करने के लिए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। बहादुरगढ़ से कार्यकर्ता सैंकडों गाड़ियों के काफिले के साथ रवाना हुए। कार्यकर्ताओं को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इनेलो कार्यकर्ता ताऊ देवीलाल अमर रहे और इनेलो पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ कैथल रैली में शामिल होने के लिए निकले। रैली में शामिल होने के लिए युवाओं के साथ-साथ बुर्जुगों व महिलाओं में भी पूरा उत्साह देखने को मिला। सभी ने कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है और 2024 के चुनाव में इनेलो जीत कर सत्तासीन होगी।इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि कैथल में आयोजित सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी और अब तक की सभी रैलियों के रिकॉर्ड तोड़ेगी। इस रैली में देश भर की पार्टियों से कई दिग्गत नेता शामिल हुए। रैली में पूरे प्रदेश से लाखों की संख्या में लोग पहुंचें और ताऊ देवीलाल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि रैली के बाद प्रदेश में इनेलो की आंधी चलेगी और विभिन्न दलों के नेता पार्टी में शामिल होंगे।

सीएम ने यमुनानगर को दी बड़ी सौगात

गांव पांजुपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

इस परियोजना के तहत 100 सीटों का मेडिकल कालेज, 500 बैड का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथैरिपी संस्थान का भी निर्माण किया जाएगा

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यमुनानगरवासियों को बड़ी सौगात देते हुए गांव पांजुपुर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस मेडिकल कॉलेज को लगभग 30 माह में पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के साथ वन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय की ले-ऑउट प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और परिसर में पौधा रोपण भी किया। इसके उपरांत सीएम ने मंत्रोच्चारण के बीच राजकीय मेडिकल कालेज का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने मेडिकल कॉलेज परियोजना की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस परियोजना के तहत 100 सीटों का मेडिकल कालेज, 500 बैड का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथैरिपी संस्थान का भी निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की घोषणा वर्ष 2021 में की गई थी और वर्ष 2022 में इस कॉलेज का नामकरण किया गया था।

उन्होंने बताया कि अब इस कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जितनी भी घोषणाएं की थी उनको धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। सरकार ने निरोगी योजना के तहत प्रथम चरण में 1 लाख 80 हजार रुपए तक आय वाले प्रदेश के 1 करोड़ 41 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सीएम ने बताया कि अभी तक 21 लाख लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है और आने वाले 1.5 साल में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

मेडिकल सेवाओं में हुई है बढ़ोतरी : कंवर पाल

हरियाणा के वन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना से यमुनानगर के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। इस सरकार के कार्यकाल में मेडिकल सेवाओं को दोगुना किया गया है और डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस हल्का में भी 12 बैड के 2 अस्पतालों को 30-30 बैड का और डिस्पेंसरी को अस्पताल बनाया गया है। इस सरकार के कार्यकाल में पिछली सरकार के कार्यकाल से 3 गुणा से ज्यादा स्वास्थ्य क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं है।

कौन-कौन रहा मौजूद

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा, जिला प्रशासन व स्वास्थ विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर हेल्पलाइन पर बढ़ाई गई पुलिसकर्मियों की संख्या

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा में बढ़ रहे साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर पर तैनात स्टाफ की संख्या को पहले से दोगुना किया गया है ताकि हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का पहले की अपेक्षा और अधिक शीघ्रता से समाधान किया जा सके। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सोमवार को चंडीगढ़ में जारी एक जानकारी में बताया कि पिछले कुछ समय में तकनीक के साथ साथ साइबर अपराधों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। साइबर अपराधी नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते हुए लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड करके उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में इसके अलावा लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देने को लेकर जल्द ही जागरूकता अभियानों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि लोग सतर्क रहें और बैंक खाता संबंधी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करें। उन्होंने कहा कि इसे लेकर बैंकर्स के साथ भी बैठक आयोजित किए जाने की योजना है ताकि उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम किया जा सके।

जींद की रैली में अग्रवाल वैश्य समाज करेगा भागीदारी : अशोक बुवानीवाला

वैश्य समाज ने सदा देश हित में काम किया ह

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। एक अक्टूबर 2023 को जींद में आयोजित की जा रही संकल्प रैली में अग्रवाल वैश्य समाज की भागीदारी रहेगी। यह निर्णय गूगल मीट पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिया गया।

बैठक में संगठन की सभी इकाई के अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला ने बताया कि समाज के हर स्तर पर लोग रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे व विधानसभा क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी करेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने सदा देश हित में काम किया है। देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में समाज की अहम भूमिका है। आजादी के आंदोलन से ही वैश्य समाज के पुरोधाओं ने तन-मन-धन से सहयोग किया था। व्यापारिक दृष्टि से वैश्य समाज पूरी दुनिया में काम कर रहा है। इन सबके बीच कहीं ना कहीं वैश्य समाज राजनीति में उपेक्षा का शिकार रहा है। दलों ने इस वर्ग को दोहन का काम किया है, लेकिन राजनीति में मजबूत नहीं होने दिया। आगे नहीं बढने दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आप को राजनीति में भी मजबूत करना है। युवाओं से उन्होंने आग्रह किया कि अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मजबूत करने के साथ राजनीति में भी प्रवेश करें। बहुत से ऐसे विषय होते हैं, जिनको लेकर व्यापारी वर्ग राजनीतिक दलों के आगे झोली फैलाए रहता है। हम अगर राजनीति में सक्षम होंगे तो व्यापारी हित में बेहतर काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज राजनीति में भागीदारी के लिए प्रेरित करने वाल संगठन है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से हम प्रयासरत हैं कि समाज के लोग आगे आएं। जींद सम्मेलन में समाज की भागीदारी बढ़े, इसी उद्देश्य को लेकर हम यह समर्थन दे रहे हैं। हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी ताकत भी दिखानी है, ताकि भविष्य में राजनीति के हम केंद्र बिंदू रहें। राजेश सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयन्ती से नवसंकल्प सेवा व राजनीतिक प्रकल्पों को पूरे प्रदेश में आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया है। उन्होंने समाज के सभी वैश्य घटकों व इकाइयों से अपील की है कि अपने दलगत विचारों से ऊपर उठकर एकजुट होकर जींद पहुंचें।

संघर्ष की बदौलत उप प्रधानमंत्री बने चौ. देवीलाल: रणजीत सिंह

चौ. साहब ने जिन नीतियों को अपने जमाने में लागू किया, उसे अब पूरे देश में अपनाया जा रहा है

भरोसा मित्र

सिरसा। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवार को अपने सिरसा निवास पर पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल की 110वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह बहन शांति देवी, उनकी धर्मपत्नी इंदिरा सिहाग, पुत्र गगनदीप, पौत्र सूर्य प्रकाश, पौत्री गायत्री सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

बिजली मंत्री ने कहा कि चौ. देवीलाल ने जिन नीतियों को अपने जमाने में लागू किया, उसे अब पूरे देश में अपनाया जा रहा है।उन्होंने सबसे पहले हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी, आज अलग अलग राज्यों में इसे अपनाया जा रहा है. उन्होंने सबसे पहले जच्चा बच्चा योजना शुरू की थी, आज आप अलग अलग हिस्सों इसे मातृत्व संबंधी योजनाओं में देख सकते हैं।

बिजली मंत्री ने कहा कि चौधरी देवीलाल को जनता सम्मानपूर्वक ताऊ के नाम से संबोधित करती है। अपने संघर्ष की बदौलत राजनीति में वह छोटे से प्रदेश हरियाणा के मुख्यमंत्री से भारत के उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए। गांधीवादी, साम्यवादी तथा क्रांतिकारी आंदोलनों से प्रभावित होकर चौधरी देवीलाल बाल्यकाल में ही संघर्ष की राह पर चल पड़े, जो आगे चलकर उनके संघर्षशील राजनीतिक सफर का मार्गदर्शक बनी।

उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल के आदर्शों पर चलकर ही मैंने अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया है और उन्ही के बताए रास्ते पर चलकर जनता की सेवा कर रहा हूं।

एनएसयूआई लड़ेगा छात्रों के हित की लड़ाई : पुनिया

हरियाणा से मांग की कि सरकार प्रत्यक्ष तरीके से छात्र संघ चुनाव कराए

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव डॉ. विनीत पुनिया ने सोमवार को फतेहाबाद जिले के छात्र नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में सैंकड़ों की संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। बैठक में फैसला लिया गया कि छात्र हितों को देखते हुए जल्द ही फतेहाबाद जिला के छात्र नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से एनएसयूआई का संगठन मजबूत करने का अभियान चलाया जाएगा और छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान पुनिया ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार इसी सत्र में प्रत्यक्ष तरीके से छात्र संघ चुनाव कराए।

डॉ. विनीत पुनिया ने कहा कि आज फतेहाबाद जिला के छात्र कई परेशानियों से जूझ रहे हैं। फतेहाबाद में छात्रों के लिए बसों की भारी कमी है। पिछले साल आयोजित हुई परीक्षाओं के परिणाम अभी तक नहीं आए हैं। परीक्षा देने वाले छात्रों को अनुपस्थित बताया जा रहा है। कॉलेज में पार्किंग के नाम पर 10 रूपए की फीस ली जा रही है। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं की कई समस्याएं हैं। इसलिए बैठक में यह फैसला हुआ है कि एनएसयूआई का संगठन बनाया जाएगा और छात्रों की इन समस्याओं को लेकर लड़ाई लड़ी जाएगी।

छात्र संघ चुनाव को लेकर डॉ. विनीत पुनिया ने कहा कि हरियाणा में पिछले अनेक वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। सरकार तुरंत प्रभाव से छात्र संघ चुनाव करवाए।अ क्तूबर 2018 में प्रदेश में छात्र संघ के अप्रत्यक्ष चुनाव कराए गए थे। अप्रत्यक्ष चुनाव से कॉलेज प्रबंधन के नुमाइंदों का चुनाव में हस्तक्षेप रहता है। इसलिए उनकी मांग है कि प्रत्यक्ष चुनाव कराए जाएं, जिससे छात्र अपने नेताओं का

चुनाव स्वयं कर सकें। प्रत्यक्ष चुनाव में ही विद्यार्थियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा सकता है।

इस दौरान डॉ विनीत पुनिया ने छात्रों से कहा कि हमें फतेहाबाद के विकास और तरक्की की लड़ाई लड़नी है। फतेहाबाद नशा मुक्त हो, छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले, युवाओं को रोजगार मिले, जिला में मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय बने, इसकी लड़ाई हमें लड़नी है।

इस दौरान अजय ढाका, शिवकुमार, निखिल, अमित बिश्नोई, आईटीआई प्रधान प्रदीप, करमजीत, विष्णु बिश्नोई, ईशु सोलंकी, अरुण ढाका, कुशल सिंह, आयुष बिश्नोई, विनीत बिश्नोई, गुलशन, संदीप कंबोज, राजकुमार, नरेश, कपिल, अक्षय, दिनेश पूनिया, गुरजीत समेत बड़ी संख्या में छात्र नेता मौजूद रहे।

प्रदेश में लगातार बढ़ रही हैं आपराधिक घटनाएं : चित्रा सरवारा

एनसीआरबी की रिपोर्ट में हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित प्रदेश बताया गया

भरोसा मित्र

अंबाला/चंडीगढ़।आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा ने सोमवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले दिनों पानीपत में दो डेरों में तीन महिलाओं के साथ जघन्य अपराध किया गया और एक महिला की पीटकर हत्या कर दी गई थी। करनाल में एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और सोनीपत में नर्सिंग की छात्रा पर गोलियां बरसाई गई। आज अंबाला में भी टांगरी नदी पर एक शव मिला है, जिसकी धार धार हथियार से हत्या की गई है। इससे पता चलता है कि प्रदेश में अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं।

उन्होंने कहा कि जहां हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन हैं वहीं अब अपराध में भी हरियाणा नंबर वन बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश स्तर के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में 3-4 मर्डर प्रतिदिन होते हैं, मर्डर रेट में हरियाण देश में नंबर दो पर है। वहीं एक दिन में 4-5 रेप की घटनाएं हरियाणा में हो रहे हैं। रेप रेट में भी हरियाणा दूसरे स्थान पर है। हरियाणा में प्रतिदिन 10 अपहरण हो रहे हैं, इस मामले में हरियाणा देश में तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा हरियाणा में अनुसूचित जाति के खिलाफ प्रतिदिन 4-5 अपराध हो रहे हैं, जिसमें हरियाणा छठे स्थान पर है।

सरवारा कहा सोशल प्रोग्रेसिव इंडेक्स और एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि आज के समय में देश का सबसे असुरक्षित प्रदेश हरियाणा है। हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ 27 प्रतिशत अपराध बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि जिस स्वर्णिम काल और अमृत काल का वादा भाजपा सरकार जनता से कर रही है वो अमृत काल हरियाणा में आपातकाल से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा से क्या उम्मीद कर सकती है जब उनके खुद के मंत्री संदीप सिंह पर महिला से यौन उत्पीड़न के आरोप हैं और आज भी वो मंत्री पद पर बरकरार है। आप नेता ने कहा कि जिस तरीके से महिला जूनियर कोच को आए दिन प्रताड़ित किया जा रहा है, उससे पता चलता है कि हरियाणा में बेटियों की कोई इज्जत नहीं है और उनकी असमत की कोई अहमियत नहीं है। आज जूनियर महिला कोच अपनी नौकरी खोने के कगार पर है। उन्होंने कहा आज कल एक और प्रचलित मुद्दा है कि किस तरह से भाजपा के अधिकारी भ्रष्टाचार और ठगी को मामलों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।

पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान ने थामा इनेलो का दामन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह से पूर्व विधायक चौधरी हबीबुर्रहमान ने सोमवार को कैथल में हुई इनेलो की स्व. देवी लाल के जन्मदिवस पर सम्मान रैली में चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो का दामन थाम लिया है।

बता दें इससे पहले पूर्व विधायक रहे चौधरी हबीबुर्रहमान ने नूंह विधानसभा से निर्दलीय चुनाव जीत कर विधायक बने और कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उसके बाद उन्होंने कुलदीप बिश्नोई की पार्टी को ज्वाइन कर फिरोजपुर झिरका से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उनकी पार्टी का टिकट लिया। लेकिन वह चुनाव नहीं लड़े और बाद में फिर उन्होंने पुनहाना विधानसभा से 2019 के चुनाव की तैयारी की। उनके भाई मोहम्मद इलियास ने पुनहाना से चुनाव लड़ते हुए उन्हें अपने पाले में बैठा लिया और कांग्रेस की टिकट पर उनके भाई पुनहाना से विधायक बन गए। लेकिन उस दौरान जो उनके बीच समझौता हुआ वह यही था कि चौधरी मोहम्मद इलियास का यह आखिरी चुनाव है और आगे वह पुनहाना से

अपने भाई चौधरी हबीबुर्रहमान को ही चुनाव लड़ाएंगे।मोहम्मद इलियास के पुनहाना ना छोड़ने से उन्होंने फिर एक बार नूंह विधानसभा में आकर अपना भरोसा इनेलो पार्टी में जताया हैं। उन्होंने नूंह विधानसभा क्षेत्र की जनता को संदेश दिया है कि वह आगामी चुनाव नूंह से इनेलो पार्टी से लड़ेंगे। पूर्व विधायक रहे चौधरी हबीबुर्रहमान पूर्व में सांसद रहे मरहूम चौधरी रहीम खान के सुपुत्र हैं और पुनहाना से विधायक मोहम्मद इलियास के भाई हैं। आज उनके परिवार में बिखराव के चलते एक ही घर के तीन लोग तीन पार्टियों में शामिल है।

बियर कंपनी का मैनेजर बनकर ठग लिए 45.30 लाख

भरोसा मित्र

भिवानी। जानी-मानी बियर निर्माता कंपनी का मैनेजर बनकर एक रिटायर फौजी से मोटे मुनाफे का लालच देकर 45.30 लाख रुपये की ठग कर ले गया। रिटायर फौजी ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना को दी है। पुलिस ने भोपाल के एक युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रामनिवास ने बताया कि वह आर्मी से रिटायर फौजी है। साल 2019 में दोस्त नवां की ढाणी राजगढ़ निवासी आकाश ने चरखी दादरी के गांव बेरला निवासी मुकेश के साथ करवाई थी। आकाश अक्सर मेरी दुकान पर आता रहता था और उसके साथ मुकेश भी दो-तीन बार आया। जिस कारण उसकी मुकेश से काफी जान-पहचान हो गई। दिसंबर 2022 में मुकेश ने अपने दोस्त अंकित शर्मा से बात करवाई।अंकित शर्मा से बातचीत होने लगी।

मार्च 2023 में अकिंत शर्मा ने बताया कि वह किंगफिशर कंपनी में बीयर बनाने के प्लांट में सीनियर मैनेजर है। कंपनी ने स्कीम निकाली हैं, अगर तुम मेरे माध्यम से कंपनी की स्कीम ज्वाईन करते हो तो कम्पनी शॉर्ट टर्म इन्वेस्टमेन्ट पर मुनाफा देगी। उसके बाद पैसा मांगने पर उसने मना कर दिया।

हृदय परिवर्तन | गोवंश के संरक्षण में सहयोग देने की पेशकश की

डेरा प्रमुख राम रहीम ने जताई अब गोसेवा की इच्छा

हरियाणा को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के अभियान में मदद का प्रस्ताव दिया है

भरोसा मित्र

चंडीगढ़ साध्वियों के यौन शोषण और हत्या के दोष में उम्र कैद की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम ने इच्छा जताई है कि वे अब गो सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने इस संबंध में हरियाणा को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के अभियान में मदद का प्रस्ताव दिया है। सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा ने गोसेवा के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए गोसेवा आयोग को गोवंश के संरक्षण में सहयोग देने की पेशकश की है। बता दें कि इस बार में सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

हरियाणा को बेसहारा पुशओं से मुक्त करने के लिए गोसेवा आयोग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को डेरा सच्चा सौदा के प्रस्ताव की जानकारी दी गई। गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कमार गर्ग ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा के साथ ही कई सामाजिक संगठनों की ओर से गोवंश के संरक्षण का प्रस्ताव मिला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 91 गोशालाओं से आयोग को प्रस्ताव मिले हैं कि वे अतिरिक्त गोवंश रखने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के पहले चरण में गुरुग्राम, हिसार, सिरसा, भिवानी, करनाल और पानीपत जिलों में अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने के बाद अन्य जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंचायती जमीन पर गोशाला चलाने की इच्छुक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि

प्रदेश की 91 गोशालाओं से आयोग को प्रस्ताव मिले हैं कि वे अतिरिक्त गोवंश रखने को तैयार हैं : मनोहर लाल

अतिरिक्त गोवंश रखने की पेशकश करने वाली गोशालाओं को विशेष ग्रांट दी जाएगी। पशुपालन विभाग नियमानुसार राज्य के शत-प्रतिशत पशुधन की टैगिंग करवाना सुनिश्चित करें ताकि अन्य राज्यों के पशुओं की पहचान हो सके। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा जाएगा कि सभी राज्यों को दिशानिर्देश दें कि वे अपने-अपने राज्यों के पशुओं की टैगिंग करवाएं।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।